Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar


हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित





संयुक्त रैली में विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम मोदी ....०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

कतर के अमीर शेख से मिले राष्ट्रपति पौडेल.......०6

वर्ष: ०1 अंक: 289 | बदायूं, शुक्रवार 26 अप्रैल 2०24 | पृष्ठ- ०6 | मूल्य- 4.०० रूपये

## बदायूं-आंवला की संयुक्त रैली में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** आंवला-बदायूं लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को आलमपुर जाफराबाद के सैनिक मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने परिवारवाद को लेकर सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि मातृशक्ति बच्चों के लिए सोना चांदी, घरवार बना रहे हैं। इस पर कांग्रेस सपा की नजर पड़ गई है। यह मंगलसूत्र छीनने की बात करते हैं। कोई मां बहन मंगलसूत्र छीनने देंगे क्या। इनकी नियत ठीक नहीं है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इरादों पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध रखी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। ऐसा टैक्स लगाएंगे कि आपकी संपत्ति जब्त हो जायेगी। अगर अपने चार कमरे हैं तो दो कमरे कांग्रेस सपा वाले दबोच लेंगे। दस बीघा जमीन में पांच बीघा दबोच लेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक नया नारा अब चल रहा है, जो हम सबके लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस चाहती है कि आपकी संपत्ति का एक्सरे निकला जाए। सोना, गाड़ी-घर सबका सर्वे किया जाए। कांग्रेस आपकी संपत्ति का हिस्सा अपनी चहेती वोटबैंक को देना चाहती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्होंने राम को ही नहीं श्याम को भी नहीं छोड़ा। भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका पानी के नीचे है। डूब गई है। पानी के नीचे गया। पत्थरों को छूकर आशीर्वाद लिया। हैरान हूं कि सपा के लोग खुद को यदुवंशी कहते हैं वो भी श्री कृष्ण की बेइज्जती करने वालों की आरती उतार रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दस साल पहले सपा और कांग्रेस वाले कहते थे कि ये भाजपा वाले बड़ी बड़ी बातें करते हैं। राम मंदिर के नाम पर चिढ़ाते थे। गाली देते थे। आपके आशीर्वाद से रामलला का मंदिर बनवाया। तारीख और टाइम भी बताया और निमंत्रण भी दिया। इतना बड़ा अवसर फिर भी उनका अहंकार इतना था कि सपा और कांग्रेस दोनों को राम मंदिर का निमंत्रण घर जाकर दिया था, उसे ठुकरा दिया था। अगर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण को स्वीकार किया तो उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है। ओबीसी, एससी के आरक्षण का एक हिस्सा कांग्रेस के एक खास वोट बैंक को दिया जाएगा। यह जानकारी सपा को है लेकिन उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि योगी जी और उनकी टीम मेहनत कर रही है। इससे यूपी की पहचान नए अवसरों से हो रही है। यहां नैनो यूरिया की बड़ी फैक्टरी है। कई और फैक्टरी लग रही है। पहले आपका पैसा माफिया लूट लेते थे लेकिन अब पीएम किसान सम्मान निधि से 6०० करोड़ मिल चुके हैं। यह तब होता है जब विकास सर्वोपरि पर होता है।

## भाजपा नेताओं के बयान पर सपा अध्यक्ष अखिलेश का पलटवार, बोले-

### नतीजों से घबरा रहे हैं... इसलिए बिगड़ गई है भाषा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** कन्नौज संसदीय सीट से अपना नामंकन पत्र दायर करने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा नेताओं के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि यह सभी लोग चुनाव के नतीजों को सामने देखकर घबरा गए हैं। इसीलिए उनकी भाषा बिगड़ गई है।



उन्होंने आगे कहा कि कन्नौज का विकास रोकने वालों को अब पाकिस्तान याद आ रहा है। बताया कि वो और उनका परिवार कन्नौज के लिए हमेशा से समर्पित रहे हैं। कन्नौज की जनता के आभारी हैं कि उन्होंने फिर से यहां चुनाव लड़ने का मौका दिया है। कन्नौज के लोग अपने साथ हुई वादा खिलाफी और विकास में अनदेखी का भाजपा वालों से बदला लेंगे। इस दौरान उन्होंने अपने पहले चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि तब जिन्होंने प्यार दिया था, वो अब भी साथ देने को तैयार खड़े हुए हैं। भाजपा का इस बार सफाया होना तय है।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार का चुनाव नकारात्मकता को खत्म कर देगा। कन्नौज सुगंध की नगरी है। यहां के लोग खुशबू फैलाते हैं। यहां से कन्नौज क्रांति होगी। लोग प्रेम, भाईचारा के साथ आगे बढ़कर भाजपा की नकारात्मकता को नकार देंगे। अखिलेश यादव के नामांकन के बाद कलक्ट्रेट से बाहर निकलते हुए प्रो. रामगोपाल यादव ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। कहा कि अखिलेश आ गए हैं, अब यहां से भाजपा की जमानत जब्त हो जाएगी। जनता समाजवादी पार्टी को वोट देकर रिकॉर्ड वोट से जिताएगी।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री योगी बोले कल्यान के निधन पर संवेदना तक व्यक्त नहीं की

**मैनपुरी।** मतदान की तारीख करीब आने के साथ चुनावी सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। भाजपा सपा के गढ़ में मैनपुरी और इटावा लोकसभा की दोनों सीटें जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। मैनपुरी में भाजपा प्रत्याशी के लिए माहौल बनाने के लिए जसवंतनगर विस में जहां पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामलीला मैदान में जनसभा की। वहीं इटावा प्रत्याशी के लिए गृह मंत्री अमित शाह 28 को नुमाइश पंडाल में जनसभा करेंगे। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा, कांग्रेस और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक तरफ अपनी विकास योजनाओं के साथ मोदी जी हैं और दूसरी तरफसपा का गठबंधन और बसपा है। पूछिए कि रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा का सपा और कांग्रेस क्यों विरोध किया। क्यों दर्शन नहीं किए। एक पार्टी के नेता ने बयान दिया कि विरासत टैक्स लगेंगे। आप की विरासत कांग्रेस और सपा झटक लेंगी।

## तिहाड़ में भिड़े दो गुट: आप बोली- वहां कई हत्याएं हुईं, केजरीवाल के साथ ऐसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं ये लोग

**दिल्ली।** तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच झड़प हो गई। कैदियों ने एक दूसरे पर सुए से हमला किया, जिसमें चार कैदी घायल हो गए। इस घटना के बाद एक बार फिर आम आदमी पार्टी ने तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताया है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं।




आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ ये लोग (भाजपा) खिलवाड़ कर रहे हैं। जब तिहाड़ जेल में एक नहीं कई हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं तो अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं। 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी रखी जाती है। उनके खिलाफ गहरा षडयंत्र चल रहा है। आप (भाजपा) 23 दिन तक उनके (अरविंद केजरीवाल) जीवन के साथ खिलवाड़ करते रहे। आपने उन्हें इंसुलिन नहीं दिया।

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के जेल प्रशासन की साजिश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने की है। उनके साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी मुलाकातें किसी खूंखार अपराधियों की तरह शीशे की दीवार खड़ी करके कराई जा रही है। तिहाड़ जेल में पिछले 1-2 वर्षों में कई हत्याएं हो चुकी हैं। ऐसे में अगर वहां सीएम केजरीवाल को कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? अरविंद केजरीवाल जी के साथ जेल में कुछ भी होता है तो ये लोग तो मुंह बनाकर कैमरे पर आ जाएंगे।

आप सांसद ने कहा कि भाजपा ने पिछले 1० वर्षों में कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकार और पार्टियां तोड़कर अपनी सरकार बना ली। इन लोगों ने राज्यों में चुनाव से नहीं बल्कि खरीद-फरोख्त करके सरकार बनाई। इनके उम्मीदवार और नेता कह रहे हैं, 4०० सीट दे दो, संविधान बदलना है। इनका मकसद ही देश के संविधान और आरक्षण को खत्म करना है। 2०24 का चुनाव अंतिम चुनाव है। इस चुनाव में अगर नरेंद्र मोदी और भाजपा जीतती है तो आगे से देश में चुनाव होंगे ही नहीं। इसकी शुरुआत गुजरात के सूरत से हो चुकी है। अगर ये लोग जीत जाते हैं तो देश में संविधान, आरक्षण और जनता के अधिकार खत्म हो जायेंगे।

## अखिलेश यादव ने ही किया कन्नौज सीट से नामांकन, बोले- विकास के लिए करूंगा काम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कन्नौज।** चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज दोपहर 12 बजे कन्नौज संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने चार सेट में अपना पत्र दायर किया है। इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद हैं। उनके नामांकन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।



बता दें कि कन्नौज लोकसभा चुनाव के लिए सपा उम्मीदवारी को लेकर मचा सस्पेंस एक दिन पहले तक जारी था। बुधवार की शाम यह तय हुआ था कि यहां से सपा के उम्मीदवार अखिलेश यादव ही होंगे। उनके पहले यहां से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवकर बनाया गया था।

### कार्यकर्ताओं में थी नाराजगी

दरअसल, दो दिन पहले अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव को कन्नौज से उम्मीदवार घोषित किया गया था। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी, ये बात पार्टी आलाकमान तक पहुंची। मंगलवार की शाम से ही यह तय माना जा रहा था कि अब अखिलेश यादव ही यहां से चुनाव लड़ेंगे।

## मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखी पीएम मोदी को चिट्ठी, न्याय पत्र पर बात करने के लिए मांगा समय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी के जरिए व्यक्तिगत तौर पर अपनी पार्टी के न्याय पत्र को समझाने के लिए समय मांगा है। दो पन्ने की चिट्ठी में खरगे ने लिखा कि इन दिनों प्रधानमंत्री के भाषण से वह न तो चौंके और न ही उन्हें आश्चर्य हुआ। अपनी चिट्ठी में खरगे ने कहा, पिछले कुछ दिनों में आपके भाषणों से न तो मैं चौंका और न ही मुझे आश्चर्य हुआ। चुनाल के पहले चरण में भाजपा की स्थिति को देखते हुए आप और आपकी पार्टी के नेता ऐसा कहेंगे, इसका अंदाजा था। कांग्रेस हमेशा से ही वंचित गरीबों और उनके अधिकारों की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है। खरगे ने आगे कहा, कांग्रेस वंचित गरीबों को उनका अधिकार दिलाने की कोशिश कर रही है। आपकी सूट बूट की सरकार केवल कॉरपोरेट के लिए काम करती है, जिनका आपने टैक्स कम किया है। जबकि वेतनभोगी व्यक्ति को अधिक कर चुकाना पड़ता है। गरीबों को खाना और नमक के लिए भी जीएसटी का भुगतान करना पड़ता है, जबकि कॉरपोरेट वालों को जीएसटी रिफंड की सुविधा मिलती है। इसलिए जब भी हम अमीर और गरीब के बीच असामानता की बात करते हैं, आप इसे हिंदू-मुस्लिम के साथ जोड़ देते हैं। हमारा घोषणापत्र भारत के लोगों के लिए है, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान या फिर सिख, ईसाई या जैन।

## कई राज्यों में प्रचंड गर्मी और लू का पूर्वानुमान, दूसरे चरण के मतदान से पहले अलर्ट

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2०24 के लिए दूसरे चरण की वोटिंग 26 अप्रैल को होगी। चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी के बीच शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव तैयारियां की हैं। हालांकि, लगातार बढ़ रहा तापमान आयोग के साथ-साथ लोगों के भी पसीने छुड़ा रहा है। मौसम विभाग ने आगाह किया है कि 26 अप्रैल को मतदान के लिए घरों से निकलने पर जनता को चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ेगा। गुरुवार को मौसम विभाग की तरफसे जारी अलर्ट के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्म हवाएं और लू चलने की आशंका है। आईएमडी ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए रेड अलर्ट, जबकि बिहार और कर्नाटक के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



गौरतलब है कि दूसरे चरण के चुनाव के दौरान 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 88 लोकसभा सीटों पर लाखों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिन राज्यों में वोटिंग होनी है उसमें केरल की 2० सीटें, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, बिहार और असम की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीट हैं। मणिपुर में भी दूसरे चरण का मतदान होगा। आईएमडी के मुताबिक 27-29 अप्रैल के दौरान ओडिशा में रातें गर्म होंगी। मौसम विभाग के मुताबिक रात का उच्च तापमान अधिक खतरनाक माना जाता है, क्योंकि ऐसे हालात में शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक शहरों में रात के समय गर्मी बढ़ना अधिक आम है। ऐसे हालात में मेट्रो क्षेत्र अपने आसपास के इलाकों की तुलना में काफी गर्म होते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक उच्च आर्द्रता के कारण त्रिपुरा, केरल, तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, असम, मेघालय और गोवा के लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। घर से बाहर निकलने पर लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। आईएमडी के मुताबिक शुक्रवार को महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं, हल्की बारिश और तूफान के आसार हैं। इन राज्यों में लोगों को गर्म मौसम से अस्थायी राहत मिल सकती है। विभाग के मुताबिक लू का यह दूसरा दौर है। ओडिशा में 15 अप्रैल से और पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले इलाकों में 17 अप्रैल से ही हीटवेव की स्थिति बनी हुई है।

### शरद पवार ने जारी किया घोषणा पत्र

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार (एनसीपी-एससीपी) ने गुरुवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। घोषणापत्र में महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। साथ में घोषणापत्र में एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है। बता दें, पार्टी ने अपने घोषणापत्र का नाम एससीपीथ पत्र रखा है। इस बीच, शरद पवार ने अमित शाह के किसानों की आत्महत्या को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया।

अमर भास्कर

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601

www.amarbhashkar.com

Email- amarbhashkar21@gmail.com

# महिला को घर बुलाकर दुष्कर्म का आरोप

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मथुरा।** जिले के कोसीकलां थाना क्षेत्र के एक गांव की 13 साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात में उसकी सहेली की संलिप्तता सामने आई है। बुधवार को पीड़िता ने इसका खुलासा किया। इधर, परिवार वालों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि उनकी बेटी को पुलिस ने बरामद कर लिया।

बेटी ने खुद के साथ सामूहिक दुष्कर्म की बात बताई। इसके साथ ही दो नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

बुधवार को किशोरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस बयान के लिए उसे मथुरा लेकर आई। 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरी ने बताया कि सोमवार रात



करीब 10 बजे वह चारपाई पर सो रही थी। तभी पड़ोसी सहेली उसके पास आई और जगाकर अपने साथ ले गई। घर के सामने ले जाकर कहा कि यहां खड़े रहना।

इसके बाद वह अपने घर में घुस गई और दरवाजा बंद कर लिया। तभी पांच युवक आए और उसे उठाकर खेत में बनी एक कोठरी में ले जाकर दरिंदगी की। तमंचा दिखाकर धमकाया कि किसी को भी इस वारदात के बारे में जानकारी दी तो परिवार को जान से मार देंगे। किशोरी के अनुसार इसी बीच एक आरोपी को उसकी सहेली ने फोन किया और बताया कि उसके गायब होने की बात सबको पता लग गई है। परिवार वाले उसे तलाश रहे हैं।

इसी बीच वह आरोपियों के चंगुल से छूटकर पास ही एक गांव में अपनी सहेली के घर पहुंची। सहेली के पिता ने उसके परिजनों को जानकारी दी। मुकदमा दर्ज कराने वाले किशोरी के चाचा ने आरोप लगाया कि उनकी भतीजी को पुलिस ने बरामद कर लिया। इसके बाद उससे पूछताछ की। भतीजी ने साफ तौर पर खुद के साथ सामूहिक दुष्कर्म की बात कही। इसके बाद भी पुलिस ने सिर्फअपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कराने के लिए पहले लिखी गई तहरीर को बदलवा दिया।

किशोरी ने बताया कि वह मंगलवार को घर लौटकर आई तो उसने सहेली से बात की। उसके बारे में सभी को बताने की धमकी दी। तब उसने बताया कि मोनू पुत्र रमेश, गोपाल पुत्र प्रताप व तीन अज्ञात व्यक्ति निवासी खिटाविटा, कोसीकलां उसे लेकर गए थे। किशोरी ने बताया कि नामजद आरोपी उसके घर के पास संचालित जिम में आते हैं।

कोसीकलां इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा था। रिपोर्ट आने पर मुकदमे में धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

## करौली शंकर धाम पर होगा आयोजन

**कानपुर।** जिले में चौत्र पूर्णिमा पर आयोजित त्रिदिवसीय उत्सव में देश विदेश से हजारों भक्त मंत्र और तंत्र की दीक्षा लेने के लिए धाम पहुंचे। पूर्णिमा के एक दिन पूर्व ही भक्तो का करौली शंकर महादेव धाम आना प्रारंभ हो जाता है।

इस तीन दिवसीय उत्सव के प्रथम दिन भक्तों का शुद्धि और सिद्धि का कार्यक्रम होता है तत्पश्चात द्वितीय दिवस मंत्र की दीक्षा व तृतीया दिवस प्रवचन, ध्यान, साधना व तंत्र की दीक्षा दी जाती है।

पूर्णिमा में नेपाल से आए हुए भक्तों व शिष्यों ने करौली शंकर महादेव गुरु का चरण पूजन किया व नेपाल में सनातन के प्रचार प्रसार को करने के लिए करौली शंकर महादेव धाम के निर्माण का संकल्प लिया व गुरु को धाम की नींव रखने के लिए आमन्त्रित किया।

# सात फेरों से पहले दूल्हे ने कहे ऐसे शब्द, बिफर गई दुल्हन और तोड़ दी शादी

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिले के शिकोहाबाद में बरात में बैंडबाजा और घोड़ी लेकर न आना दूल्हे को महंगा पड़ गया। पूछने पर दूल्हे ने दुल्हन को गालियां दे डालीं। इससे गुस्साई दुल्हन ने भी सात फेरे लेने से साफ इन्कार कर दिया।

इस घटना से दोनों ही पक्षों की खुशियों के रंग फीके पड़ गए। गांव में रातभर पंचायत जुटी रही, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। आखिर में दूल्हे को बिना बरात चढ़ाए ही बैरंग वापस लौटना पड़ा। थाना दक्षिण क्षेत्र के अंतर्गत नई आबादी, हिमांयूपुर नगला पचिया निवासी शिवसागर



का विवाह थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत गांव नीम खेरिया निवासी फूलमती के साथ तय हुआ था। मंगलवार की रात दूल्हा पक्ष बरात लेकर शिकोहाबाद पहुंचा था। रात 11 बजे के करीब बरात दुल्हन के दरवाजे पर पहुंची, तो दुल्हन पक्ष बरात को देखकर हैरत में पड़ गया। बरात में न तो बैंडबाजा था और न घोड़ी। दूल्हा कार में बैठकर दुल्हन के दरवाजे पर पहुंचा।

घोड़ी और बैंडबाजे के न होने का जब कारण जाना, तो आरोप है कि दूल्हे ने दुल्हन को गालियां दे डालीं। इससे दुल्हन भी भड़क गई, उसने भी जवाब में दूल्हे के साथ सात फेरे लेने से इन्कार कर दिया। दुल्हन के तेवरों को देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। बरात में शामिल होने आए लोगों के दुल्हन की बात सुनकर होश उड़ गए। एक ही पल में दोनों परिवारों की खुशियों के रंग फीके पड़ गए।

# मासूम बच्चों की मौत के बाद मां ने भी तोड़ा दम

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अतरौली।** जिले के गांव पिलखुनी में जहर का दूध पीने से हुई दो मासूम बच्चों की मौत के बाद मां ने भी 24 अप्रैल देर रात दम तोड़ दिया। महिला का उपचार अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। महिला पति द्वारा शराब पीकर आए दिन झगड़ा करने से परेशान थी। उसने अपने दो बच्चों को दूध में जहर मिलाकर पिला दिया था। महिला का पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पिलखुनी लाया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। महिला का पति घटना वाले दिन से ही गायब है। गांव पिलखुनी निवासी कन्हैया बघेल पुत्र नेत्रपाल मजदूरी करता था और ई रिक्शा चलाता था।



जिला एटा के थाना निधौली कलां के गांव हुसैनपुर ककराला निवासी हाकिम सिंह ने अपनी दूसरे नंबर की बेटी आरती की शादी पांच साल पहले कन्हैया के साथ की थी। आरती तीन बहनें व तीन भाई हैं। आरती के भाई चंद्रवीर ने बताया कि पिता रेलवे से रिटायर हैं। चंद्रवीर दिल्ली में ऑटो व उसका बड़ा भाई हरवीर ट्रक चालाता है। छोटा भाई आकाश गांव में रहता है।

आरती सहित तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि आरती इंटर तक पढ़ी थी और बेहद समझदार थी। कभी भी वह गुस्सा नहीं करती थी। कन्हैया आए दिन उससे झगड़ा करता था, लेकिन आरती कभी अकेली पिलखुनी से अपने मायके नहीं गई। वह यहीं मेहनत करके जीवन काटना चाहती थी। पानी जब सिर से ऊपर चला जाता, तब वह मायके फोन करके बताती थी। कई बार कन्हैया को यहां आकर मायके के लोगों ने समझाया भी, लेकिन उसकी आदत में सुधार नहीं आया।

वह कई बार आरती को मायके के निकट से गुजर रहे बंबा के पुल पर अकेली छोड़कर चला आता था। 23 अप्रैल को आरती बहुत परेशान हो गई, तो उसने इस तरह का कदम उठा लिया। उसने पवन तीन साल व अमन तीन माह को उसने दूध में जहर दे दिया, जिससे दोनों बच्चों की उसी दिन मौत हो गई। खुद आरती ने भी जहर खा लिया।

उसका दो दिन तक इलाज मेडिकल कॉलेज में चला, लेकिन वह जिंदगी की जंग हार गई। बच्चों के बाद आरती की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

## अनियंत्रित सफारी पेड़ से टकराकर पलटी, चार लोगों की हुई मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के एनएच 31 स्थित ढाबा के पास बुधवार की देर रात पेड़ से सफारी वाहन टकराने से चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। साथ ही हादसे के शिकार हुए लोगों के परिजनों को घटना की सूचना दी।

इसके बाद मृतकों के शवों को पोस्मार्टम के लिए भेजा। मौत की खबर मिलते ही चारों के परिवार में कोहराम मच गया। फेफना से चितबड़ागांव की तरफ किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने पांच साथी सफारी से जा रहे थे।

ढाबा से आगे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य स्थल के पास तेज रफ्तार सफारी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर सड़क के नीचे



पलट गई। इसमें सवार रितेश कुमार गोंड निवासी तीखा, कमलेश यादव, राजू यादव निवासी बडवालिया चितबड़ागांव, सत्येंद्र यादव सीरिया मठ, थाना बड़ेसर गाजीपुर की मौत हो गई। वहीं छद्दू यादव (28) गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतकों में से एक- दो लोग बालू मंडी में काम करते थे। फेफ्ना थाना प्रभारी गजानंद चौबे ने बताया कि पेड़ से टकराकर सफारी सड़क किनारे पलट गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई व एक घायल हो गया है। मृतकों के परिजनों को खबर कर दी गई है।

## गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली में अचानक लगी आग, सात बीघा फसल जलकर राख

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**चंदौली।** जिले के चकरघट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया गांव में रामनिवास यादव के खेत में सुबह ट्रैक्टर ट्राली पर रखी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। जब तक लोग आग बुझाने का प्रयास करते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसने सात बीघा गेहूं की फसल को राख कर दिया। इसके साथ ही चार बीघा पराली भी जल गई।

आग लगने का सही कारण पता नहीं चल सका है। गुरुवार को सुबह दस बजे परसिया गांव के रामनिवास यादव के खेत में ट्रैक्टर ट्राली पर गेहूं की फसल काटने के बाद की रखी गई थी, जिसमें आग लग गई। आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग देखकर दमकल गाड़ी को सूचना दी।

लेकिन गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। इससे आग बढ़ती चली गई। गुरुवार को सुबह दस बजे परसिया गांव के रामनिवास यादव



के खेत में ट्रैक्टर ट्राली पर गेहूं की फसल काटने के बाद की रखी गई थी, जिसमें आग लग गई। आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग देखकर दमकल गाड़ी को सूचना दी, लेकिन गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची।

इससे आग बढ़ती चली गई। घटना की जानकारी होने पर हल्का लेखपाल सद्दाफखान मौके पर पहुंचे और पूरी मदद का भरोसा दिलाया। एसडीएम आलोक कुमार ने बताया कि किसान की पूरी मदद की जाएगी। लेखपाल को जल्द रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

# थाने के वाहन ने महिला का रौंदा...मौत, गाड़ी में पड़ी थीं शराब और बियर की बोतलें, नशेबाज सिपाही फरार

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बांदा।** जिले में चिल्ला थाने की सरकारी गाड़ी में सवार नशेबाज सिपाहियों ने देर रात घर के बाहर सो रही महिला को रौंद डाला। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो और आरोपी सिपाही फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, देर रात चिल्ला थाने की सरकारी गाड़ी बड़ी स्पीड से निकल रहा थी। इसी दौरान चिल्ला से सादीमदनपुर मोड़ के पास अपने घर के चबूतरे में सो रही महिला को कुचल दिया। इसके बाद दीवार से जा टकराई और जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर छोटा बेटा सुनील



(20) पुत्र विजय कुमार और पड़ोसी सुनील उर्फ गोलू पुत्र रघुवीर निषाद घर से बाहर निकला।

दोनों ने देखा की चिल्ला थाना की सरकारी गाड़ी उनके चबूतरा में चढ़ी है और मृतक रज्जन देवी उर्फ रजनी पत्नी विजय निषाद कार के नीचे है। तभी सुनील ने देखा की ड्राइवर सीट से अजय यादव सिपाही व बगल वाली सीट से सिपाही जितेंद्र और अन्य सिपाही गाड़ी से उतर कर भाग रहे हैं। लोगों ने गाड़ी के अंदर देखा, तो अंग्रेजी शराब व बियर की बोतलें पड़ी मिलीं। शराब के नशे में चूर अजय यादव सिपाही ने एक अधेड़ महिला को मौत के घाट उतार दिया। मृतक के तीन लड़के व तीन लड़कियां हैं। इनमें अनिल (40) सुनील (24), सुशील (23), राधा (30), मंजू (26) और मोनिका (17) है। पिता विजय निषाद सूरत में मजदूरी करता है। उनके पास सिर्फ घर छोड़कर एक भी जमीन नहीं है।

घटना की जानकारी के बाद एसडीएम शशि भूषण, अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ अजय कुमार सिंह, तिंदवारी थाना फोर्स, पैलानी थाना फोर्स, जसपुरा थाना फोर्स व देहात कोतवाली की फोर्स मौजूद हैं।

## 14 मई को ब्रिटेन रवाना होगी हॉकी टीम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**वाराणसी।** हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि ललित हॉकी की शुरुआत यूपी कॉलेज से की थी। ललित उपाध्याय लगातार दो ओलंपिक खेलने वाले वाराणसी के दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले मोहम्मद शाहिद ने तीन ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। ललित का यह लगातार दूसरा ओलंपिक है। इससे पहले ललित टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। इसमें भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था। उनसे प्रेरणा लेकर वाराणसी की महिला हॉकी टीम 21 वर्ष बाद यूपी चौंपियन बनी है। ललित सेंटर फारवर्ड पोजीशन से खेलते हैं।

# नैनीताल में युवक की मौत, लखीमपुर में हंगामा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखीमपुर खीरी।** जिले की सदर कोतवाली के गांव बन्नी से करीब एक माह पूर्व उत्तराखंड के नैनीताल में मजदूरी करने गए राजेश की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वह वहां एक होटल में काम करता था। मंगलवार सुबह उसका शव होटल के नजदीक गटर से बरामद हुआ था। जानकारी मिलने पर बुधवार को परिजन शव लेकर घर ले आ गए।

बृहस्पतिवार सुबह साढ़े सात बजे परिजनों ने बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुषों के साथ शहर से आठ किलोमीटर दूर लखीमपुर-पलिया हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। मृतक की पत्नी सुषमा ने राजेश को साथ लेकर जाने वाले युवक पर हत्या का आरोप लगाया। राजेश के साथ नैनीताल



जाने वाला युवक आठ दिन पहले ही घर आ गया था। परिजनों ने उससे पूछा तो उसने कह दिया कि राजेश पहले ही गांव के लिए वहां से आ गया था। उसकी बात पर परिजनों को शक है।

परिजनों ने उसी युवक पर हत्या का आरोप लगाया। आरोप है कि कोतवाली सदर में शिकायत की थी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज परिजनों ने बृहस्पतिवार सुबह हाईवे पर शव रख जाम लगा दिया। पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाया। कार्रवाई के आश्वासन पर सुबह 9.15 बजे परिजनों ने शव हटाकर जाम खोल दिया। इस दौरान लोगों की भीड़ जुटने से हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई थी। भीषण गर्मी में राहगीर भी परेशान दिखे।


# इंजेक्शन लगाने के बाद गई मरीज की जान, परिजनों ने किया हंगामा

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** जिले के अछनेरा कस्बा के भरतपुर रोड स्थित गोयल क्लीनिक बुधवार को घबराहट होने पर मित्र के साथ पैदल चलकर दवा लेने पहुंचे वृद्ध की इंजेक्शन लगने के बाद मौत हो गई। लोगों ने डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आक्रोशित लोगों को शांत कराया और डॉक्टर को हिरासत में ले लिया।

घरवालों ने बताया कि बलवीर सिंह (64) शाम को घबराहट होने पर दोस्त सौदान सिंह के साथ पैदल गोयल क्लिनिक पर डॉ. बेनी माधव से दवा लेने पहुंचे। डॉक्टर ने मरीज के इंजेक्शन लगा दिया।

इसके कुछ देर बाद बलवीर की हालात ज्यादा खराब हो गई। थोड़ी ही देर में मरीज ने वहां दम तोड़



दिया। सौदान ने बलवीर के बेटे गोपाल सूचना दी। जानकारी पर वह ग्रामीणों के साथ क्लीनिक पहुंचे और डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी डीपी तिवारी ने बताया कि डॉक्टर को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर पर कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जंगल में अज्ञात कारणों से लगी आग से नुकसान

**मऊ।** जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के चेरुईया गांव में भूधरिया बाबा मंदिर के जंगल में गुरुवार की दोपहर लगभग एक बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। हरा-भरा जंगल धूं- धूंकर जलने लगा। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण वहां पहुंचे, लेकिन पछुआ हवा के कारण आग की लपटें इतनी तेज उठ रही थीं कि कोई भी व्यक्ति आग बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी देने के एक घंटे तक कोई नहीं पहुंचा था। जंगल से गांव का रिहायशी इलाका लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर है, लेकिन तेज हवा के कारण ग्रामीणों को आग बस्ती में पहुंचने का डर सता रहा था। परेशान ग्रामीण फायर ब्रिगेड को फोन कर सूचना देते रहे।

मंदिर के ठीक बगल में पशु आश्रय स्थल भी है। आग की तेज पलटें उठती देख गोवंश पशुआश्रय स्थल के अंदर घबरा कर इधर- उधर भागने लगे।

# तीन घरों में लगी भीषण आग, दो महिलाओं की जलकर मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं बढ़ गई हैं। निघासन तहसील के सिंगहा गांव में बृहस्पतिवार दोपहर को तीन घरों में आग लग गई। हवा की वजह से आग तेजी से फैल गई और तीन लोग आग की चपेट में आ गए, जिससे दो महिलाओं की जलकर मौत हो गई। मरने वाली महिलाओं में संगीता पत्नी जगदीश और रामगुनी पत्नी भागीरथ शामिल हैं।

गांव के बांके (45) पुत्र बाबूराम और सहजराम (39) पुत्र भागीरथ गंभीर झुलस गए हैं। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। जांच की जा



रही है। अग्निकांड में तीन मवेशी भी जलकर मर गए हैं। जनपद की तहसील पलियांकला क्षेत्र के हवाई पट्टी मुजहा के कैंपस में बृहस्पतिवार सुबह भीषण आग लग गई। इससे खलबली मच गई।

आग की लपटें देख कर्मचारी डर गए। फायर सर्विस पलिया यूनिट ने आग पर काबू पाया। आग से किसी प्रकार की जन एवं धन हानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि कैंपस में घास सूखी है, उसी में किसी तरह आग लगी है।

## पन्द्रह हजार के ईनामी को किया गिरफ्तार



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की कुरारा पुलिस और स्वाट टीम की मिली जुली कार्यवाही के दौरान पन्द्रह हजार के ईनामी गैंगस्टर फरार चल रहे कुरारा कस्बा निवासी 20 वर्षीय बदमाश आकाश अहिरवार पुत्र बरदानी अहिरवार को मनकी तिराहे से सुबह दस बजे के आसपास उस वख्त दबोच लिया गया, जब वो कस्बे से कहीं बाहर भागने की फिराक में था।

गैंगस्टर बदमाश को दबोचने वाली टीम में खासतौर से प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी, एस आई सचिन, हेड कांस्टेबल अनिरुद्ध, जितेन्द्र, सौरभ, उमाशंकर, अतुल, शक्ति सिंह सहित सुरेन्द्र शामिल रहे।

# बेकाबू बस की चपेट में आने से गई बाइक सवार युवकों की जान

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**सोनभद्र।** जिले के जुगैल थाना क्षेत्र के सेमिया गांव में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ। बेकाबू बस की चपेट में आने से बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

बाइक सवार दोनों युवक जुगैल मार्ग से ओबरा से चोपन की तरफ जा रहे थे। सेमिया तिराहे पर चितरंगी (मप्र) से चोपन जा रही बस ने अचानक मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक को चपेट में ले लिया।

हादसे का शिकार हुए युवकों की पहचान मुन्ना लाल प्रजापति (26) और सुनील प्रजापति (30)



के रूप में हुई। दोनों आपस में जीजा-साला थे। घटना के बाद कुछ देर के लिए रास्ता भी बाधित हुआ। उधर, मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

वहीं सूचना पर मौके पर पहुंचे जुगैल एसओ भैया शिव प्रताप सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बस को मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# प्रेक्षक व डीईओ ने मतदाता जागरुकता ईरिक्शा रैली को दिखाई हरी झण्डी



**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मतदाताओं को मतदान दिवस 07 मई को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए पुलिस परेड ग्राउण्ड से ई-रिक्शा रैली को सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मतदान करने की शपथ ग्रहण करायी तथा सेल्फी स्टैण्ड पर मतदाताओं के साथ फोटो खिंचवायी एवं जागरूक मतदाता हस्ताक्षर अभियान का हस्ताक्षर करके शुभारम्भ भी किया।

सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव ने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। उन्होंने कहा कि इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है और चुनाव आयोग का भी मानना है की चुनाव का पर्व देश का गर्व है। उन्होंने मतदाताओं से आगामी मतदान दिवस 07 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें।

सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि देश के लोकतंत्र ने आपको अपने मताधिकार के प्रयोग करने का अमूल्य उपहार दिया है इसलिए आप निष्पक्ष, निडर होकर तथा लालच या लोभ, प्रलोभन रहित होकर अपने मत का प्रयोग जरूर करें और इस लोकतंत्र के पर्व के भागीदार बने। ई-रिक्शा रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि सभी मतदाता आगामी 07 मई को आयोजित होने वाले मतदान के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि देश के मतदाता का एक-एक वोट अमूल्य है। आपके द्वारा मतदान करने से ही सरकार बनती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रित देश है, जहां मतदाता ही सरकार चुनते हैं। मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है। मतदाता सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान कराना है।

रैली में शामिल लोग मतदाता जागरूकता से संबंधित पटिटकाऐं लिए हुए थे और जागरूकता गीत के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक कर रहे थे. तथा ई-रिक्शा पर मतदाता जागरूकता की स्लोगन लिखी हुई फ्लैक्सी के माध्यम से आम जनमानस को प्रेरित कर रहे थे। रैली पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारम्भ होकर इंदिरा चौक, गांधी ग्राउंड चौराहा, 6 सड़का, लावेला चौक चौराहा, वन विभाग होते हुए पुलिस परेड ग्राउंड पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी (प्र०) रेनू सिंह, वित्त वैभव शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट अरूण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डा० प्रवेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला, ए०आर०टी०ओ०(प्रवर्तन) अंबरीश कुमार, ए०आर०टी०ओ० (प्र०) रामबचन, पी०टी०ओ० रमेश प्रजापति, सह प्रभारी स्वीप सरवर अली, डा० पंकज कुमार, सुबोध सुमन, दिनेश पाल सहित शैक्षिक संस्थानों के प्रधानाचार्य/शिक्षक/शिक्षिकाऐं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### छोटे कारोबारियों के लिए भी दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है: संजय सिंह



**बदायूं।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्वमंत्री विधायक शिवपाल सिंह यादव के समधी संजय सिंह ने केंद्र एवं उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर गरीबों और मध्यम वर्ग के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टी एवं उसके नेताओं से देश को छुटकारा दिलाने के लिए कांग्रेस को मजबूत बनाना समय की मांग है। संजय सिंह व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने ग्राम सतेती, सुंदर नगर, सैदपुर आदि स्थानों पर इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसम्पर्क किया इस अवसर पर ग्राम सतेती में कुछ दिन पहले ही समाजवादी पार्टी में शामिल हुए पूर्व विधायक हाजी बिट्टन भी इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी के समर्थन में मौजूद रहे ग्रामीणों को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा नेतृत्व वाली सरकारों की नीतियों से छोटे एवं मझोले कारोबारियों के लिए भी दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में भाजपा से देश-प्रदेश को बचाने के बाद ही आगे स्थिति में सुधार हो सकता है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती के माध्यम से ही कांग्रेस की सरकारों ने भारत की सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण काम किए थे। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली कांग्रेस एक बार फिर संगठन को मजबूत बनाकर प्रदेश और देश में मजबूत सरकार देगी तथा आम लोगों के रोजी रोटी का संकट दूर होगा। बिल्सी से विधायक रहे पूर्व विधायक हाजी बिट्टन ने आरोप लगाया कि देश के 60-70 प्रतिशत संसाधनों पर मोदी के उद्योगपति मित्रों का कब्जा हो चुका है। ज्यादातर बड़ी परियोजनाओं पर उन्हीं उद्योगपतियों का कब्जा है और स्थिति यह है कि उनमें काम करने के लिए बड़ी संख्या में गुजराती मजदूर लाए गए हैं। 6 वर्षों में स्थानीय लोगों को कोई खास आर्थिक लाभ नहीं दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अर्चना राठौर ने कहा कि लगातार बढ़ती मंहगाई एवं बेरोजगारी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि केंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकारें अपने झूठे आंकड़ों के सहारे जोरदार प्रचार अभियानों से लोगों की आंखों धूल झोंकने का सिलसिला जारी रखे हुए है। इस वजह से लगता है कि उन नेताओं के पास मानवता के लिए कोई जगह नहीं है। जिला उपाध्यक्ष विरेश तोमर एव शहर उपाध्यक्ष रफत अली ने इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी को जिताने की अपील की।






# मतदान दल किसी का भी आतिथ्य स्वीकार न करें

**अमर भास्कर, संवाददाता**



**बदायूं।** डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पोलिंग एजेन्ट के पास वोटर लिस्ट की अपनी प्रति हो सकती है पर मतदान के दौरान उसे बूथ से बाहर नहीं ले जाया जा सकता। पोलिंग एजेन्ट के पास कोई फोन/स्मार्टवाच होना अनुमन्य नहीं है। निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य विकल्पों की सूची बूथ के परिसर के बाहर दृष्टव्य स्थान पर चस्पा करें। किसी का भी आतिथ्य स्वीकार न करें।

उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, नगर निकायों के सदस्य पोलिंग एजेन्ट हो सकते हैं। कोई मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निकायों के अध्यक्ष, कोई भी सुरक्षा प्राप्त महानुभाव तथा शासकीय कर्मी (मानदेय कर्मी भी) राशन डीलर, आंगनवाडी कर्मी एजेन्ट नहीं बनाए जा सकते। एजेंट्स से मतदान के निर्धारित समय से 90 मिनट पूर्व बूथ पर पहुँचने कि अपेक्षा की जाती है ताकि वे मोक पोल के समय उपस्थित रह कर उसमे शामिल हो सकें।

उन्होंने बताया कि पोलिंग एजेन्ट के पास मतदाता पहचान पत्र अथवा कोई फोटोयुक्त शासकीय पहचान पत्र होना अनिवार्य है जिससे उसकी पहचान स्थापित होती हो। बूथ एवं उसके 100 मीटर के दायरे में किसी भी राजनैतिक दल का नाम एवं चुनाव चिन्ह एवं कोई प्रचार सामग्री न हो। जिला पंचायत राज अधिकारी ने भी प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर पीठासीन, मतदान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समीना मैरिज हॉल में बीएसपी के प्रत्याशी सैयद आबिद अली ने कार्यालय का उद्घाटन किया



**बदायूं।** जिले के कस्बा ककराला में आज लोकसभा प्रत्याशी सैयद आबिद अली ने अपने कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया एवं प्रेस वार्ता कर के मीडिया सवालों का जवाब दिया और अपनी जान माल सुरक्षा के लिए प्रशासन को भी अवगत कराया है एक मीडियाकर्मी ने सुरक्षा पर भी प्रश्न किया जिस पर उन्होंने दो सुरक्षा गार्डो को पर्याप्त नहीं बताया वाला आँवला में अपने अनेकों कार्य विकास के गिनाये वह इस समय आंवला के मौजूदा चौयरमैन भी हैं उन्होंने कहा पिछली सरकार ने कोई विकास नहीं किया है अगर जनता मुझे सांसद भेजती है तो मैं जनता को क्षेत्र में सड़के साफ-सफाई बेरोजगारी बच्चों को खेल के मैदान आदि पर विशेष ध्यान दूंगा उन्होंने कहा कि मुझे सभी समाजों का वोट मिल रहा है अगर किसी को विकास देखना है तो वह ऑवला जाकर देखें कि जितने भी द्वार बने हैं वह मेरे ही कार्यकाल में बने हैं इस अवसर पर मंडल कोऑर्डिनेटर जयपाल सिंह बी एस पी के जिला अध्यक्ष एस पी त्यागी, विधानसभा अध्यक्ष संजय सागर, विधान सभा उपाध्यक्ष अच्छे खान एवं पूर्व प्रधान, जहांगीर, सचिन गुप्ता, रिहान नजमुल अंसारी, शोयव खान तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत



**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिचौली रोड पर सड़क हादसे में हुई मौत। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को जिला मुख्यालय भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र सोनू पुत्र सूरजपाल सिंह ग्राम सिचौली बाइक पर सवार होकर बिसौली से अपने गांव सिचौली जा रहे थे तभी बिसौली नगर से निकलते ही सिचौली रोड पर बाइक सवार सोनू की टक्कर अज्ञात वाहन से हो गई इसके बाद बाइक सवार सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने घायल सोनू को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# प्रेक्षक व डीईओ ने किया वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**



**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव व जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने गुरुवार को विकासखंड क्षेत्र दहगवां के वल्नरेबल बूथ संविलियन विद्यालय करियावैन का निरीक्षण कर वहां आमजन व मतदाताओं से वार्ता कर निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग आगामी मतदान दिवस 07 मई को करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जो कोई भी मतदाताओं को प्रलोभन देकर या डरा धमकाकर वोट मांगेगा या वोट डलवाएगा, उसको चिन्हित कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सामान्य प्रेक्षक के०के० सुदामा राव ने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी व निर्विघ्न रूप से संपन्न करना है सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अपने स्तर से तैयारी कर रहा है लेकिन इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों व मतदाताओं से कहा कि उन्हें किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है, पूरा प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता आगामी मतदान दिवस 07 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि ग्रामवासियों व मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने वह उनके नंबर पर संपर्क कर सकते हैं अथवा क्षेत्र के उप जिला अधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकार के नंबर पर भी संपर्क कर अपनी निर्वाचन संबंधी समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बदायूं में सभी लोग आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ रहते हैं और सभी के त्योहारों में शामिल होते हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से कहा कि वह अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा बदायूं मतदान प्रतिशत में एक मिसाल कायम करें।

सामान्य प्रेक्षक ने इसके बाद 23 बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जनपद सम्भल की विधानसभा गुन्नौर में बनाए गए बूथ कंपोजिट विद्यालय मेउआ हसनगंज, प्राथमिक विद्यालय कैल गुन्नौर आदि बूथों का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सहसवान प्रेमपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# शहर में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**



**बदायूं।** महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर नगर में महावीर स्वामी की शोभायात्रा निकाली गई। शुभारंभ समाज के अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन ने किया।

शोभायात्रा का व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। महिलाएं मंगल गीत गातीं रथ के पीछे चलीं। शोभायात्रा में बिल्सी, उझानी, बदायूं समेत कई जैन समाज के लोग मौजूद रहे। भगवान महावीर स्वामी के जीवन काल से संबंधित झांकियां आकर्षक का केंद्र रहीं। इसको देखने के लिए आसपास क्षेत्र के लोग इकट्ठा हुए। परशुराम चौक स्थित श्री श्री 1008 वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर के तत्वावधान में हुए आयोजन में विकास जैन, सुभाष जैन, मनीष जैन, अनूप जैन, हरप्रसाद जैन, महावीर प्रसाद जैन आदि मौजूद रहे।

# हीट-स्ट्रोक से बचने के लिए छाता व रंगीन चश्मे का करें प्रयोग, खूब पिएं पानी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**



**बदायूं।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय इलाहाबाद, के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के तत्वाधान में गुरुवार को समय जनपद न्यायालय परिसर में स्थित केन्द्रीय सभागार में ऊष्माघात/लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव के उपाय से सम्बन्धित शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, पंकज कुमार अग्रवाल एवं सम्मानित जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी व दीवानी), सम्मानित अध्यक्ष/सचिव, जिला बार ऐसोशिएसन एवं अध्यक्ष/सचिव, जिला सिविल बार ऐसोशिएसन, बदायूं एवं समस्त विद्वान अधिवक्तागण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

शिविर में डॉ० जावेद हुसैन, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, बदायूं, डॉ० शिवमोहन कमल, (फिजिशियन), डॉ० श्रीपाल, (त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ० मोहम्मद वसीम, (नेत्र रोग विशेषज्ञ), मौ० इलियास, कार्यक्रम समन्वयक, जिला पुरुष अस्पताल, बदायूं आदि ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विस्तार पूर्वक ऊष्माघातध्लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव के उपाय के विषय पर समस्त विद्धान अधिवक्तागण को जानकारी प्रदान करायी गयी इस ऊष्माघात /लू (हीट-स्ट्रोक) को कम करने के लिए उप मुख्य चिकित्साधिकारी व उनकी टीम द्वारा ऐसे टिप्स दिये जिससे ऊष्माघात/लू (हीट-स्ट्रोक) के कारण होने वाली बीमारियों तथा उसके दुष्प्रभाव को रोका जा सके। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा किया गया। इसी क्रम में पंकज कुमार अग्रवाल, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं, द्वारा उक्त कार्यक्रम में समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि ऊष्माघात/लू (हीट-स्ट्रोक) को कम करने के लिए छाता का प्रयोग करना चाहिए, रंगीन चश्मे का प्रयोग करना चाहिए, तथा पानी अधिक मात्रा में पीना चाहिए, क्योंकि पानी की कमी से शरीर की त्वचा शुष्क हो जाती है जिससे व्यक्ति के शरीर में विभिन्न प्रकार की गम्भीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं इसी क्रम में अपने वकतव्य में उन्होनें कहा कि ऐसे कार्यकम समय-समय पर जनपद न्यायालय बदायूं में होते रहने चाहिए जिससे न्यायिक कार्य में सहभागिता कर रहे समस्त विद्धान अधिवक्तागण को होने वाले स्वास्थ्य सम्बन्धी दुष्परिणाम से मुक्ति मिल सके, एवं अपने आस-पास के परिवेश में भी आम जन मानस को जागरूक किया जा सके इसके अतिरिक्त अपने वकतव्य में बताया गया कि पूर्व में भी स्वास्थ्य परीक्षण सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। सम्बोधन के उपरान्त अध्यक्ष की अनुमति से कार्यक्रम का समापन किया गया।

## संपादकीय

# लंबे समय के लिए निवेश



इस साल11 मार्च को 7.01 फीसदी तक लुढ़कने के बाद 10 साल के सरकारी बॉन्ड की यील्ड 16 अप्रैल को बढ़कर 7.19 फीसदी हो गई। जिन निवेशकों ने मार्क-टु-मार्केट लाभ की उम्मीद में लंबी अवधि के फंडों पर दांव लगाया है वे आज काफी चिंतित हैं। 10 साल के सरकारी बॉन्डों की यील्ड वैश्विक कारणों से बढ़ी है। ऐक्सिस म्युचुअल फंड के फिक्स्ड इनकम प्रमुख देवांग शाह ने कहा, 'यह मुख्य तौर पर भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण हुआ है, जिसने कच्चे तेल और मुद्रा को प्रभावित किया है। दूसरा बड़ा कारण अमेरिका के आंकड़े हैं, जिनके कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दर कटौती की आस टल गई है। अमेरिका में जीडीपी वृद्धि अनुमानों को बढ़ाया जा रहा है। मुद्रास्फीति सख्त बनी हुई है। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड बढ़ने से भारत में भी यील्ड बढ़ रही है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में कटौती की उम्मीदें भी धूमिल हो रही हैं। क्वांटम ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी ने फंड मैनेजर पंकज पाठक ने कहा, 'बाजार को पहले इस साल दरों में तीन बार कटौती की उम्मीद थी, लेकिन अब दो बार कटौती की ही उम्मीद है। कॉरपोरेट ट्रेनर और लेखक जयदीप सेन ने कहा, 'शुरू में 150 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद थी अब इसे कम कर 50 आधार अंक कर दिया गया है। पाठक को उम्मीद है कि अक्टूबर और दिसंबर में दरों में कटौती हो सकती है। इस देर का असर भारत में भी होता दिख रहा है। मगर विशेषज्ञों का कहना है कि कटौती की गुंजाइश अभी बरकरार हैं। शाह कहते हैं, 'वित्त वर्ष 2025 में भारत में औसत मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी रहने की उम्मीद है। ऑपरेटिव दर 6.5 फीसदी है, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक नरम रुख अपना सकता है। मांग-आपूर्ति सकारात्मक रहने से यील्ड में नरमी आ सकती है। पाठक का कहना है, 'सरकार ने इस साल के बजट के दौरान कम सरकारी बॉन्ड आने की आशंका जताई है। अगले दो से तीन वर्षों के दौरान आपूर्ति में और गिरावट आ सकती है। इस बीच बीमा कंपनियों और पेंशन फंडों से मजबूत मांग आती दिख रही है। विदेशी बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड शामिल होने से भी मांग बढ़ने की उम्मीदें हैं। शाह ने कहा, 'भारतीय सरकारी बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक और ब्लूमबर्ग इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में शामिल किया गया है। ये सभी मिलकर 20 से 25 अरब डॉलर के निवेश को बढ़ावा देंगे। इस रकम का कुछ हिस्सा पहले ही आ चुका है। साल की दूसरी छमाही तक अगला 15 से 20 अरब डॉलर मिलने की उम्मीद है। खाद्य मुद्रास्फीति की अस्थिरता और कच्चे तेल की कीमतों में सख्ती ये ऐसे दो कारण हैं जिससे चिंता हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अक्टूबर से दरों में कटौती की शुरुआत हो सकती है। शाह कहते हैं, 'भारत में मुद्रास्फीति तीसरी-चौथी तिमाही में रिजर्व बैंक के लक्ष्य से नीचे आ सकती है, जिससे संभावित रूप से बाजार में दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ सकती है अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व दरों में कटौती शुरू कर देता है। दरों में 50 से 75 आधार अंकों से ज्यादा की कटौती संभव नहीं है। सेन का कहना है कि हालिया घटनाक्रम के बाद इसके 50 आधार अंक के करीब होने की संभावना है। उन्होंने कहा, '4.5 फीसदी की अनुमानित औसत मुद्रास्फीति और 6.5 फीसदी की रीपो दर के नतीजतन 200 आधार अंक की सकारात्मक वास्तविक ब्याज दर हो रही है। अगर मान लिया जाए कि रिजर्व बैंक 150 आधार अंकों के सकारात्मक वास्तविक ब्याज दर से संतुष्ट रहता है तो दरों में 50 आधार अंक से ज्यादा की कटौती की संभावना नहीं दिखती। इसलिए जिन निवेशकों ने दीर्घावधि डेट फंडों पर दांव लगाया है उन्हें अभी धैर्य रखना चाहिए। शाह कहते हैं, 'दरों में कटौती टलने से उन्हें इस लाभ के लिए 6 से 12 महीने तक इंतजार करना पड़ सकता है। पाठक का कहना है कि दीर्घावधि डेट फंडों में निवेश करने वालों को कम से कम तीन वर्ष का समय लेकर चलना चाहिए। इन फंडों में निवेश सीमित होना चाहिए। सेन कहते हैं, 'अधिक जोखिम ले सकने वाले युवा निवेशक दीर्घावधि के बॉन्ड फंडों में 50 फीसदी तक निवेश कर सकते हैं। पुराने निवेशक और कम जोखिम की क्षमता वाले निवेशक 20 फीसदी तक निवेश कर सकते हैं। ज्यादा जोखिम न चाहने वाले निवेशकों को इससे पूरी तरह बचना चाहिए।

**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर*

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*

# बहुपक्षीय संस्थाओं मसलन अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व?



वैश्विक व्यापार में 1.2 फीसदी की गिरावट के बाद दुनिया भर में वस्तु व्यापार का आकार इस वर्ष 2.6 फीसदी और अगले वर्ष 3.3 फीसदी बढ़ने का अनुमान है। इसके बावजूद कारोबारी समूहों के बीच गहराती समस्याओं और बढ़ते तनाव ने सीमापार के व्यापारिक रिश्तों को जोखिम में डाल दिया है।

बहुपक्षीय संस्थाओं मसलन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन ने महामारी के बाद की दुनिया में व्यापारिक प्रवाह के प्रतिबंधों को उचित ही रेखांकित करते हुए कहा है कि आर्थिक खुलेपन के लाभ को बचाने की आवश्यकता है।

आईएमएफ के ताजा विश्व आर्थिक अनुमान में कहा गया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से विभिन्न देश खुद को अपने-अपने कारोबारी समूह के देशों के साथ सहज पा रहे हैं बजाय कि राजनीतिक दृष्टि से दूर स्थित कारोबारी समूहों के।

जो देश एक ही व्यापारिक समूह में नहीं हैं उनके बीच के कुल वाणिज्यिक व्यापार में 2.4 फीसदी की कमी आई है। इससे संकेत मिलता है कि व्यापारिक प्रवाह बहुत हद तक विभिन्न देशों की आर्थिक स्थिति और उनके संभावित कारोबारी साझेदारों से तय होती है। रणनीतिक क्षेत्रों में व्यापार को लेकर यह रिश्ता और अधिक मजबूत है मसलन मशीनरी और केमिकल आदि।

अमेरिका और चीन के बीच आर्थिक और वैचारिक प्रतिद्वंद्विता ने दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच कारोबारी रिश्ते को कमजोर किया है। इसके परिणामस्वरूप पश्चिम के देश ऐसी नीतियां अपना रहे हैं जहां वे मित्र राष्ट्रों और करीब स्थिति देशों की मदद लेकर अपने कारोबार का जोखिम कम कर रहे हैं जबकि चीन आत्मनिर्भरता की बात कर रहा है।

उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों और भारत जैसे विकासशील देश इस मामले में जो भी रुख अपनाएंगे वह अहम होगा। निर्गुट देशों के लिए तथा ऐसे देशों के लिए जो किसी कारोबारी समूह से नहीं जुड़े हैं, हालात और अधिक मुश्किल हो सकते हैं। पनामा और स्वेज नहर जैसे दो अहम नौवहन मार्गों का बाधित होना कारोबारी संभावना के लिए जोखिम बढ़ाने वाला है। पनामा नहर में स्वच्छ जल की कमी तथा नौवहन यातायात को लाल सागर से दूर किए जाने से आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही हैं तथा लागत बढ़ रही है। इस तरह का विभाजन केवल वस्तु व्यापार में नहीं हो रहा है बल्कि सेवा व्यापार और डेटा प्रवाह नीतियों में भी इसे महसूस किया जा सकता है। यह बात भारत जैसे देशों को प्रभावित कर सकती है जो सेवा क्षेत्र में महारत रखते हैं। उदाहरण के लिए अमेरिका अपने एशियाई कारोबारी साझेदारों खासकर भारत से सूचना, संचार और तकनीकी सेवाओं में जो आयात करता है वह 2018 के 45.1 फीसदी से घटकर 2023 में 32.6 फीसदी रह गया। इसी अवधि में उत्तरी अमेरिकी कारोबारी साझेदारों से अमेरिका का आयात 15.7 फीसदी से बढ़कर 23 फीसदी हो गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि वह अपने करीब स्थित देशों के साथ कारोबार बढ़ा रहा है। व्यापार का इस प्रकार विभाजित होना खतरनाक है क्योंकि इससे प्रतिस्पर्धा में कमी आने और विशेषज्ञता की कमी के कारण किफायत नहीं रहने के हालात बनने का खतरा होता है।

डब्ल्यूटीओ का एक अध्ययन बताता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के इस प्रकार भूराजनीतिक धड़ों में बंट जाने से लंबी अवधि में दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में पांच फीसदी तक की कमी आ सकती है। वहीं डेटा प्रवाह नीतियों का भूराजनीतिक आधार पर बंटना वास्तविक वैश्विक निर्यात में 1.8 फीसदी और वास्तविक जीडीपी में एक फीसदी की कमी ला सकता है। इन कारोबारी बाधाओं के कारण पोर्टफोलियो और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की आवक में कमी उभरते बाजारों में पूंजी के एकत्रीकरण में कमी की वजह बन सकता है। वैश्विक कारोबार में इस उभरते रुझान के निकट भविष्य में समाप्त होने की संभावना नहीं दिख रही है। ऐसे में भारत की व्यापार नीति को वैश्विक बाजार में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की तैयारी रखनी होगी।

# छोटे और मझोले शेयरों के बुरे दिन बीते, जानें क्या है एक्सपर्ट्स की राय



स्मॉलकैप कंपनियों के शेयरों में मार्च 2024 के निचले स्तरों से लगातार तेजी आई है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 24 अप्रैल को करीब 1 प्रतिशत तेजी के साथ 46,958.21 की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। दूरसंचार, विद्युत, वाहन, इन्फ्रास्ट्रक्चर और पूंजीगत वस्तु शेयरों में दमदार तेजी की वजह से इस सूचकांक को यह तेजी दर्ज करने में मदद मिली।

स्मॉलकैप सूचकांक लगातार तीसरे दिन मजबूत रहा और इस दौरान इसमें 3.3 प्रतिशत की तेजी आई। सूचकांक ने 7 फरवरी के अपने पिछले ऊंचे स्तर 46,821.39 को भी पीछे छोड़ दिया है। स्मॉलकैप सूचकांक 13 मार्च को बनाए गए अपने 40,641.67 के निचले स्तर से 15.5 प्रतिशत चढ़ा है। हालांकि विश्लेषक अपने मार्च 2024 के निचले स्तरों से इन शेयरों में आई तेजी पर आशंकित हैं क्योंकि इस दौरान माइक्रोकैप शेयर, स्मॉलकैप और मिडकैप शेयर काफी तेजी से चढ़े हैं। उन्होंने निवेशकों को आगाह भी किया है।

जियोजित फाइनैंशियल सर्विसेज में वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरांग शाह ने कहा, 'कीमतों के लिहाज से स्मॉलकैप और मिडकैप शेयर अभी भी महंगे बने हुए हैं। मार्च 2024 में बड़ी गिरावट के बाद स्मॉलकैप शेयरों में तेजी की उम्मीद थी।

स्मॉलकैप, मिडकैप और माइक्रोकैप के लिए भी बुरा समय अभी खत्म नहीं हुआ है। जब तक इन कंपनियों की आय इनके भावों के अनुरूप नहीं होगी, ये बाजार सेगमेंट अस्थिर बने रहेंगे। स्मॉलकैप क्षेत्र में कम कारोबार वाले, कम चर्चित शेयर और प्रबंधन को लेकर कम विश्वसनीयता वाले शेयर बड़ी गिरावट के शिकार जल्द हो जाते हैं।

आंकड़े से पता चला है कि स्मॉलकैप सूचकांक से 1,000 में से करीब आधे या 489 शेयरों ने 13 मार्च से 15.5 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की है। इनमें से 195 शेयरों में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत के बीच तेजी आई और 23 स्मॉलकैप शेयरों के बाजार भाव 51 प्रतिशत से 95 प्रतिशत के दायरे में चढ़े।

ट्रांसफॉमर्स ऐंड रेक्टीफायर्स, पूर्वांकरा और मोशचिप टेक्नोलॉजीज के शेयर भाव दोगुने हो गए। कोचीन शिपयार्ड, फोर्स मोटर्स, हिंदुस्तान कॉपर, तेजस नेटवर्क्स, जीएमआर पावर ऐंड अर्बन इन्फ्रा और मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज उन कंपनियों में शामिल हैं जिनके बाजार भाव 60 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच चढ़े।

मार्च में कई स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में 30 से 50 प्रतिशत के बीच गिरावट आई थी क्योंकि बाजार नियामक सेबी ने इस क्षेत्र में महंगे मूल्यांकन को लेकर चेतावनी जारी की थी। विश्लेषकों का कहना है कि इस सेगमेंट में उतार-चढ़ाव अनुकूल रिस्क-रिवार्ड अनुपात के लिए शेयर चयन के लिहाज से अवसर साबित हो सकता है। केआर चोकसी के प्रबंध निदेशक देवेन चोकसी के अनुसार स्मॉलकैप शेयरों में अपने मार्च 2024 के निचले स्तरों से आई तेजी कुछ हद तक बाजार में पर्याप्त तरलता की वजह से थी। चोकसी का मानना है कि यदि स्मॉलकैप शेयरों का मूल्यांकन अनियंत्रित रहता है तो मौजूदा स्तरों पर इनका बने रहना मुश्किल हो जाएगा। उनका मानना है कि कुछ स्मॉलकैप शेयरों में मूल्यांकन काफी ज्यादा लग रहा है और इनमें गिरावट की आशंका बन रही है। लेकिन अच्छी गुणवत्ता वाले शेयरों में तेजी की संभावना मजबूत है।

## खेल-खिलाड़ी

# गेंदबाजों के औसत प्रदर्शन ने बढ़ाई चिंता

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 सीजन के तुरंत बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इसके लिए आने वाले कुछ ही दिनों में भारतीय टीम घोषित होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टीम चयन को लेकर अगले दो-तीन दिन में बैठक होनी है जिसमें 15 सदस्यीय टीम के लिए चुने जाने खिलाड़ियों पर अंतिम मुहर लग सकती है। चयनकर्ताओं के सामने बल्लेबाजी में काफी विकल्प हैं और स्पिन गेंदबाजी आक्रमण भी अच्छी स्थिति में दिख रहा है, लेकिन भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता तेज गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन है जिसमें जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य कोई तेज गेंदबाज आईपीएल के मौजूदा सीजन में प्रभाव छोड़ता नहीं दिखा है। माना जा रहा है कि टी20 विश्व कप के लिए कप्तान रोहित शर्मा के अलावा सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली का नाम तय है। यह दोनों उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनका बल्ला आईपीएल 2024 में जमकर बोल रहा है। कोहली ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं, जबकि रोहित ने शतक जड़कर बता दिया था कि उनमें अभी भी टी20 प्रारूप के लिहाज से आक्रमक होकर बल्लेबाजी करने का माद्दा है। हालांकि, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने भी कई मौकों पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी चोट से वापसी कर ली है और उनका बल्ला आईपीएल में काफी आग उगल रहा है। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को





खेले गए मैच में भी दमदार बल्लेबाजी की और एक बार फिर टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर लिया है। विकेटकीपिंग विभाग में भी चयनकर्ताओं के पास कई विकल्प मौजूद हैं।

बल्लेबाजों की तरह स्पिन विभाग का भी हाल एक समान है क्योंकि कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और युजवेंद्र चहल आईपीएल में अपनी चमक बिखेरने में अब तक सफल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले चहल हाल ही में आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज बने थे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे कुलदीप यादव भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इनके अलावा अक्षर पटेल और जडेजा गेंद के साथ-साथ बल्लेबाजी भी करने में भी सक्षम हैं तथा दोनों खिलाड़ियों की फील्डिंग भी जबरदस्त है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण फिलहाल एकमात्र विभाग है जो चिंता का सबब बनता जा रहा है। आईपीएल 2024 में किए गए प्रदर्शन को देखें तो भारतीय तेज गेंदबाजों में सिर्फ बुमराह का रिकॉर्ड की प्रभावी है, जबकि अन्य तेज गेंदबाज संघर्ष करते दिख रहे हैं। बुमराह ने आठ मैचों में 6.37 की इकॉनोमी रेट से 13 विकेट लिए हैं और वह तेज गेंदबाजों में सबसे आगे चल रहे हैं। आईपीएल से पहले माना जा रहा था कि मोहम्मद सिराज टी20 विश्व कप में नई गेंद से बुमराह का साथ देंगे, लेकिन आरसीबी के लिए खेलने वाले सिराज का मौजूदा सीजन में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अब तक सात मैचों में 10.34 की इकॉनोमी रेट से पांच विकेट लिए हैं। पिछले टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा रहे अर्शदीप सिंह इस बार भी दावेदार माने जा रहे हैं। अर्शदीप ने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए आठ मैचों में 9.40 की इकॉनोमी रेट से 10 विकेट चटकाए हैं। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे मुकेश कुमार पांच विकेट ले चुके हैं, लेकिन उनकी इकॉनोमी 10.34 की है। ऐसे ही आवेश खान ने आठ मैचों में आठ विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी इकॉनोमी रेट 9.41 है जो दिखाता है कि वे कितने महंगे साबित हो रहे हैं। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हैं और वह टी20 विश्व कप के लिए वापसी करेंगे ऐसा मुश्किल नजर आ रहा है।

# आरसीबी को हैदराबाद के बल्लेबाजों से रहना होगा सावधान

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को आईपीएल के मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाहें फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी हैदराबाद ने तूफानी बल्लेबाजी




की है, इसमें मुंबई इंडियंस की टीम उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरु में आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था।

इस सीजन हैदराबाद के बल्लेबाज बेहद शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। टीम ने दिल्ली के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी। अब आरसीबी के खिलाफ अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, इसकी संभावना काफी ज्यादा है। एसआरएच के ट्रैविस हेड शानदार फॉर्म में हैं। हेड आक्रामक होकर बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें मिले हर मौके का फायदा उठाते हैं। अभिषेक शर्मा ने भी हेड के साथ अच्छी बल्लेबाजी दिखाई है और दोनों पावरप्ले में ज्यादा रन बटोरने की कोशिश करते हैं। वहीं, क्लासेन ने भी इस सत्र में बल्ले से अच्छा योगदान दिया है। एसएआरएच की मजबूत बल्लेबाजी ने उनके गेंदबाजों और कप्तान पैट कमिंस का काम आसान कर दिया है। आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन लुटाए हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया है।

# समुद्र से लेकर जंगलों-पहाड़ों तक ट्रेनिंग में तपकर कुंदन बनते हैं आईएफएस




**देहरादून।** पहले यूपीएससी की कठिन परीक्षा और इसके बाद प्रशिक्षण की अग्निपरीक्षा। तब कहीं जाकर इंदिरा गांधी नेशनल फॉरेस्ट एकेडमी देहरादून से एक आईएफएस निकलता है। इस प्रशिक्षण में जहां एक ओर समुद्र, जंगल और पहाड़ों समेत विभिन्न दुर्गम क्षेत्रों की यात्राएं प्रशिक्षणार्थियों को जीव और जंगल का नजदीकी से अनुभव और अहसास कराती हैं।

वहीं दूसरी ओर 16.5 महीने की ट्रेनिंग में पढ़ाए जाने वाले 25 विषयों से जीव-जंगल की चुनौतियों से निपटने और इनके संरक्षण की तकनीकी और बारीकियां सीखने का मौका मिलता है। आईएफएस की ट्रेनिंग दो साल की होती है। इसमें साढ़े तीन महीने का फाउंडेशन कोर्स पूरा होने के बाद 16.5 महीने की प्रोफेशनल ट्रेनिंग देहरादून स्थित आईजीएनएफए में होती है। इसके बाद चार महीने की फील्ड में ऑन द जॉब ट्रेनिंग होती है।

ट्रेनिंग के इन सभी हिस्सों के मूल्यांकन के बाद आईजीएनएफए की ओर से डिप्लोमा दिया जाता है। देहरादून में आईएफएस की ट्रेनिंग का देश का यह एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान है, जहां से हर साल करीब 100 आईएफएस ट्रेनिंग लेकर देश सेवा के लिए तैयार होते हैं। एकेडमी के अपर प्राध्यापक डॉ. एम सुधागर बताते हैं कि ट्रेनिंग में 25 विषय पढ़ाए जाते हैं। इसके बाद छह टूर कराए जाते हैं। एक विदेशी टूर भी होता है। ईस्ट इंडिया टूर के तहत रूचि के अनुसार समुद्र, वन और पहाड़ों पर भेजा जाता है। जहां प्रशिक्षणार्थी चुनौतियों के बीच जलवायु, पौधरोपण, भूस्खलन, हिमस्खलन, कार्बन फुटप्रिंट, पर्यावरण, प्रदूषण आदि का प्रयोगात्मक ज्ञान हासिल करते हैं।

आईजीएनएफ के प्रोफेसर राजकुमार वाजपेयी बताते हैं कि ट्रेनिंग के दौरान क्वालिफाइंग स्किल भी सीखनी होती हैं। इसके तहत हॉर्स राइडिंग, स्वीमिंग, हथियार चलाने के साथ ही जंगलों में खुद को कैसे सुरक्षित रखे जाने के हुनर विकसित किए जाते हैं। इसके अलावा संसदीय कार्यप्रणाली सीखने के लिए भी टूर कराया जाता है। खुद को फिट रखने के लिए सुबह के समय पीटी और शाम को गेम्स में भाग लेना अनिवार्य होता है। प्रोफेसर राजकुमार वाजपेयी ने बताया कि ट्रेनिंग का अहम हिस्सा क्लब भी होते हैं। इसमें प्रशिक्षणार्थी लेटेरी के अंतर्गत लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं। जबकि नेचर एंड सस्टेनेबिलिटी के अंतर्गत कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए गतिविधियों का आयोजन करते हैं। वहीं बर्ड वाचिंग के अंतर्गत पक्षियों की बोली सुनकर उनके व्यवहार का अध्ययन करते हैं। एडवेंचर क्लब में भी कई रोमांचक गतिविधियां होती हैं। एनजीओ के साथ ही काम किया जाता है। डॉ. एम सुधागर ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को पेड़ों का आयतन और घनत्व आदि का आकलन करने की तकनीकी जानकारी दी जाती है। साथ ही पेड़ों में बीमारियों पता लगाने एवं उनके निदान के गुर भी सिखाए जाते हैं।

# जेल जाने के डर से प्रेमी शादी को राजी, शादी का झांसा देकर बनाए थे संबंध

अमर भास्कर, ब्यूरो



**मुरादाबाद।** मसवासी क्षेत्र की युवती के साथ शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म करने और बाद में शादी से मुकरने का आरोपी युवक जेल जाने के डर से शादी करने को तैयार हो गया। युवती द्वारा पुलिस को तहरीर दिए जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

जल्द ही प्रेमी युगल की शादी कराई जाएगी। कुछ दिन पहले मसवासी क्षेत्र की युवती ने बिलासपुर निवासी प्रेमी के खिलाफ शिकायत की थी। जिसमें युवती ने शादी का झांसा देकर प्रेमी पर तीन साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए चौकी पुलिस ने युवक के परिजनों को पूछताछ के लिए बुलाया था। चौकी में युवक व युवती के परिजनों के बीच काफी देर बातचीत हुई। युवती शादी न करने पर युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर अड़ी रही।

जेल जाने के डर से प्रेमी शादी को तैयार हो गया। चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों में शादी को लेकर समझौता हो गया। जल्द ही दोनों की शादी होगी। मुरादाबाद के एक निजी शिक्षण संस्थान की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने छात्रा के चचेरे भाई और उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह मामला सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित सीआरपीएफ कैंप का है। सीआरपीएफ में तैनात एक जवान ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने हरियाणा के झज्जर निवासी अपने भतीजे और उसके दोस्त अर्पित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जवान का आरोप है कि उसकी बेटी कॉलेज के लिए निकली थी।

# पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अमर भास्कर, ब्यूरो



**संभल।** बीते दिनों असमोली थाना क्षेत्र की मढन पुलिस चौकी के गांव मीरपुर में कुछ चोरों ने ग्रामीण के घर से लाखों रुपए का माल चोरी कर लिया था।

इसकी शिकायत करने पीड़ित नजदीकी पुलिस चौकी मढन गया तो चौकी वालों ने टहला दिया, और पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। हार थक कर मजबूरन पीड़ित ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई, पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि चोरों को पहचानने के बाद जब उनके खिलाफ चौकी में तहरीर दी गई तो चौकी पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार भी कर लिया फिर पुलिस की ऐसी क्या मजबूरी रही जो चोर को छोड़ना पड़ा, ग्रामीण से मिली जानकारी के मुताबिक अभी कुछ दिन बाद ही पीड़ित की बेटी की शादी है तो पीड़ित अपनी बेटी की शादी के लिए दहेज इकट्ठा कर रहा था जिसमें सोने चांदी के जेवरात व कुछ अन्य सामान जो चोर उन्हें लेकर फरार हो गए।

# मोबाइल टावर से अंबेडकर का झंडा उतारने पर हंगामा, थाने पहुंचे ग्रामीण



**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र के आन्नेकी गांव में टावर पर लगे डॉ. भीमराव अंबेडकर का झंडा उतारकर भगवा झंडा लगाने पर बुधवार को ग्रामीणों और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजपाल और ईश्वर चंद्र निवासी आन्नेकी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया, वह रात में खेतों में रखवाली के लिए जा रहे थे। टावर के पास पहुंचे तो कुछ लोगों के बोलने की आवाज सुनाई दी। जिस पर वह रुक गए और देखा कि टावर पर लगे डॉ. आंबेडकर के झंडे को पवन, पोंटी, गोपी उतार रहे हैं और नीचे काला उर्फ सुदेश व पवन भी खड़े हैं। आरोप है कि गालीगलौज करते हुए बाबा साहेब का अपमानित किया। दो दिन पहले हुई घटना के बाद गांव में ही पहले आपस में समझौता हो गया, लेकिन फिर दोबारा से मंगलवार की रात वही हरकत हुई, जिसको लेकर बुधवार की सुबह हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### बदरीनाथ के अभिषेक के लिए पिरोया गया तिल का तेल



**बदरीनाथ।** भगवान बदरीनाथ के अभिषेक के लिए राजदरबार में तिल का तेल पिरोया गया। नरेंद्रनगर राजमहल में महारानी माला राजलक्ष्मी शाह के नेतृत्व में नगर की सुहागिन महिलाओं के द्वारा पिरोया गया। पीला वस्त्र धारण कर महिलाओं ने विधि विधान के साथ उपवास रख तिलों का तेल पिरोया। नरेंद्रनगर राजदवार से शाम छह लगभग गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा ऋषिकेश के लिए रवाना होगी। भगवान बदरीनाथ के अभिषेक के उपयोग में लाया जाने वाला तिल का तेल नरेंद्रनगर राजदरबार में पिरोया जाता है। और यह तेल गाडू घड़ा में डाला जाता है। इसी के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा नरेंद्रनगर राजदरबार से रवाना होगी और शाम को ऋषिकेश पहुंच जाएगी। इसके बाद 12 मई को सुबह छह बजे बदरीनाथ धाम के कपाट विधि-विधान से तीर्थयात्रियों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। श्री बदरीश डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी ने बताया कि धार्मिक परंपराओं के अनुसार नरेंद्रनगर में महारानी माला राजलक्ष्मी शाह और सुहागिनों की ओर से तिल का तेल पिरोकर पवित्र गाडूघड़ा में डाला जाएगा। डिमरी पुजारी गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा का शुभारंभ भी करेंगे। विभिन्न पड़ावों से होते हुए 28 अप्रैल को यात्रा डिम्मर गांव पहुंचेगी। सात मई तक गाडूघड़ा तेल कलश लक्ष्मी नारायण मंदिर में स्थापित कर दिया जाएगा। 8 को यात्रा सिमली, कर्णप्रयाग होते हुए पाखी गांव पहुंचेगी। 9 को नृसिंह मंदिर जोशीमठ और 10 को यात्रा आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी, बदरीनाथ के रावल, धर्माधिकारी व वेदपाठियों के साथ रात्रि प्रवास के लिए योगध्यान मंदिर पांडुकेश्वर पहुंचेगी। 11 को महाभिषेक व बाल भोग के बाद यात्रा बदरीनाथ धाम पहुंचेगी और 12 मई को विधि-विधान के साथ कपाट खोल दिए जाएंगे।

### नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गयी



**संभल।** प्रेक्षक तथा जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना गुन्नौर क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्र 1. प्राथमिक विद्यालय कैल 2. कम्पोजिट विद्यालय मेऊआ हसनगंज का निरीक्षण कर क्षेत्र के नागरिकों से लोकतन्त्र को मजबूत बनाने हेतु जनपद सम्भल में दिनांक 07.05.2024 को तृतीय चरण में होने वाले मतदान में निर्भीकनिडर होकर अधिक से अधिक अपने मत का प्रयोग कर मतदान करने हेतु कहा गया। तथा चुनाव सम्बन्धी किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। स्ट्रांग रूम बहजोई का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# परमेश्वर लाल सैनी को असमोली की जनता ने दिया जीत का आशीर्वाद

अमर भास्कर, ब्यूरो



**संभल।** असमोली भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को असमोली विधानसभा में जनता का मिला भरपूर समर्थन लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा असमोली के मंडल देहपा के विभिन्न गांवों कल्याणपुर, अख्तयारपुर, रामपुर, बसई, पाली की मढैया, पाली, एचबाड़ा डींगर, गैलुआ, सिंहपुर सानी में आयोजित हुई। जन आशीर्वाद यात्रा। भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा आज असमोली विधानसभा के कई गांवों में पहुंची जिसका नेतृत्व संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वरलाल सैनी ने किया।

वहा सैनी ने लोगों के जाकर लोगों से उनका आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा की जीत के बाद संभल विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा क्षेत्र की हर समस्या को हल करना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

इस यात्रा में जनता ने अलग अलग तरीके से परमेश्वर लाल सैनी जी को समर्थन दिया एवं उनका सम्मान किया। इस यात्रा के दौरान मंडल अध्यक्ष संभल जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू चौधरी, संभल ब्लाक प्रमुख पति कुलदीप चाहल उदयवीर सिंह, देहपा मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र विपिन गुप्ता के साथ कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन लेट होने से गुस्साई महिलाएं

अमर भास्कर, ब्यूरो




**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री ने ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर को थप्पड़ जड़ दिया। घटना सुबह 11 बजे की है। दो महिला यात्रियों को कानपुर जाना था और उनकी ट्रेन 10 घंटे लेट थी। इस कारण वे पूछताछ के लिए स्टेशन मास्टर के पास गई थीं लेकिन वह केबिन में नहीं मिले। इस पर एक महिला उनकी मेज पर रखे विभागीय कागज देखने लगी। इतने में स्टेशन मास्टर आ गए और उन्होंने महिला का हाथ पकड़कर मेज से पीछे हटा दिया। इस पर महिला गुस्सा हो गई और उसने स्टेशन मास्टर को थप्पड़ मार दिया। मौके पर रेल कर्मियों की भीड़ एकत्र हो गई।

महिला कांस्टेबल बुलाकर दोनों को जीआरपी थाने ले जाया गया। वहां थप्पड़ मारने वाली महिला ने खुद को कानपुर के कोर्ट में वकील बताया। जबकि दूसरी महिला मुरादाबाद के एक बैंक में अधिकारी हैं। पुलिस ने मामला पूछा तो स्टेशन मास्टर ने सारी बात बताई।

लिखित तहरीर की बात पर दोनों ने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया। पुलिस के सामने दोनों ने एक दूसरे से माफी मांगी और चले गए। जीआरपी इंस्पेक्टर राजन शर्मा ने कहा कि गलती दोनों की थी, इसलिए उन्होंने लिखित शिकायत नहीं दी। आनंद विहार से मुजफ्फरपुर जा रही (12358) सक्रांति एक्सप्रेस में रेलवे की टीम ने गोपनीय ढंग से रेड की। चेकिंग स्टाफ सड़क मार्ग से अमरोहा पहुंचे। वहां ट्रेन का ठहराव नहीं था लेकिन उसे रुकवाया गया। एसीएम विशाल शर्मा के नेतृत्व में सीआईटी विजयंत शर्मा व टीम ने ट्रेन में चेकिंग की। इस दौरान पाया गया कि ट्रेन की पेंट्री कार में 29 यात्री सफर कर रहे थे। इससे पेंट्री कार संचालक ने दो-दो हजार रुपये लिए थे। टीम ने इन सभी यात्रियों पर जुर्माना लगाया। साथ ही पेंट्री कार संचालक से भी जुर्माना लिया गया। 29 यात्रियों से कुल 65 हजार रुपये बतौर जुर्माना लिया गया।

# सैकड़ों की तादाद में हज कैम्प में पहुँचे लोग

अमर भास्कर, ब्यूरो




**सम्भल।** जुमेरात को मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम तेल मण्डी सम्भल में उत्तर प्रदेश हज कमेटी की जानिब से हज 2024 पर जाने वाले यात्रियों की सहायता के लिए हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत तिलावत से कारी सरताज ने की तकी अशरफ एडवोकेट ने नाते पाक पढ़ी, मुफ्ती आलम नूरी ने मक्का शरीफ में क्या करना है। और क्या नहीं करना है इसके बारे में जानकारी दी। मुख्य रूप से हज ट्रेनर कारी वसी अशरफ ने 4 घंटे तक हज यात्रियों को हज के मसाइल स्क्रीन के जरिए बताए। और कुछ अरकान खुद करके दिखाए, इस दौरान यात्रियों के सवालों के जवाब भी दिए। और कहा कि जिस वक्त जरूरत हो।

उन्होंने उस वक्त मदरसा, घर, या मोबाइल के जरिए मालूमात हासिल कर सकते हैं। और हज से भी कॉल कर के मालूमात कर सकते हैं। जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने बताया कि 28, 29 अप्रैल यानी इतवार, पीर के दिन वैक्सीन लगाई जाएगी, सभी हाजी इन दो दिन मदरसा में जरूर आएं वरना वैक्सीन के बिना हज को जाने नहीं दिया जाएगा। आगे नियम, कानून, कायदे, प्रतिबंध के बारे में बताते हुए कहा कि पहले भारत के हाजियों को काफी परेशानी होती थी लेकिन अभी कुछ दिन पहले भारत सरकार की अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री माननीय स्मृति ईरानी जी सऊदी अरब पहुँची थीं। और उन्होंने भारत के हाजियों की सुविधाओं को जांचा और परखा, उसके बाद वहाँ की सरकार से भारत के लोगों की हेल्प के लिए बात की तो सऊदी सरकार ने हर तरह की हेल्प का भरोसा दिया है। इस दौरान हाजी नदीम, तकी अशरफ एडवोकेट ने वैक्सीन के रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरे और हाजियों के सभी कागजी काम पूरे किए। और हर तरह की मदद का भरोसा दिया। हाजी अतीक की जानिब से हज जाने वाले सभी यात्रियों के लिए खाना का इन्तेजाम कराया गया। इस मौके पर कारी तनजीम शमशाद, कारी शाहिद, कारी सरताज आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका सभागार संभल में बैठक का किया गया आयोजन



अमर भास्कर, ब्यूरो

**संभल।** नगर पालिका सभागार संभल में सामान्य निर्वाचन को लेकर होमगार्डों की एक बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि मुरादाबाद से आए। डिवीजनल कमांडेंट रामनरायन रहे। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि नगर पालिका सभागार में सभी उपस्थित बैतनिक तथा अवैतनिक अधिकारियों व कंपनी के होमगार्ड स्वयंसेवकों के साथ लोकसभा निर्वाचन 2024 में ड्यूटी संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। और उन्होंने कहा कि बैठक में सभी होमगार्ड जवानों को अनुशासित रहकर ड्यूटी पूर्ण करना है। तथा पब्लिक के साथ मृधु भाषा का प्रयोग करना है इस अवसर पर सभी बैतनिक तथा अवैतनिक कंपनी कमांडर और रामपाल सिंह भानु प्रताप हिलाल संजय कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सामान्य प्रेक्षक द्वारा बूथों एवं स्थैतिक निगरानी टीमों का निरीक्षण

अमर भास्कर, ब्यूरो

**कासगंज।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित माननीय सामान्य प्रेक्षक ललित कुमार दाहिमा ने आज जनपद में बनाये गये मतदान बूथों का निरीक्षण किया। विधानसभा पटियाली के थाना सिकन्दरपुर वैश्य में बूथ संख्या-130, 131 व132, गरौठा में बूथ संख्या-26, गनेशपुर में बूथ संख्या-152, 157 व 159 और गंजडुण्डवारा में बूथ संख्या-87, 88 व 89 का निरीक्षण किया गया।

समस्त पोलिंग बूथों पर आवश्यक फर्नीचर, प्रकाश, विद्युत, पेयजल, शौचालय, मतदाताओं के आने जाने का रास्ता, रैम्प सहित पोलिंग पार्टियों के ठहरने एवं मतदाताओं के लिये मानकों के अनुसार सभी मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा कादरगंज, गढ़का बार्डर एवं सहावर में तैनात स्थैतिक निगरानी टीम का भी निरीक्षण किया गया।

# मतदाता हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं निर्वाचन संबंधी जानकारी

अमर भास्कर, ब्यूरो

**कासगंज।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग मतदाता हेल्पलाइन ऐप भारतीय मतदाताओं के लिए मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, मतदाता पंजीकरण और संशोधन के लिए, फॉर्म जमा करने, अपनी डिजिटल फोटो मतदाता पर्चियां डाउनलोड करने, शिकायत करने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में विवरण ढूंढने और सबसे महत्वपूर्ण रूप से वास्तविक स्थिति देखने के लिए एक व्यापक ऐप है। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप से मतदाता सूची में रजिस्टर नाम खोजने, सभी प्रकार के वीएसपी फॉर्म व अपडेट प्राप्त करने, आधार को ईपिक से जोड़ने, मतदान केंद्र पर कतार की स्थिति का पता लगाने, उम्मीदवारों की प्रोफाइल, ईवीएम और वीवीपैट के उपयोग, मतदाता जागरूकता और प्रशिक्षण वीडियो, चुनाव परिणाम आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# रेलवे ट्रैक के किनारे मिला शव, हत्या की आशंका

अमर भास्कर, ब्यूरो

**बहजोई।** नगर के मोहल्ला सैफीयान मस्जिद के पास निवासी चांदबाबू (23) का शव मंगलवार की रात नगर की यादव कॉलोनी के पास रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सैफीयान मस्जिद के पास निवासी अमीर हुसैन ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की दोपहर 12 बजे उसका छोटा भाई चांदबाबू घर से निकला था। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं आया। चिंता होने पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

सूचना मिली कि उसके भाई का शव मोहल्ला यादव कॉलोनी में रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। बताया कि उसके भाई के चेहरे पर चोट के निशान थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

# हमास को निशाना बनाने के लिए बढ़ रहा इस्राइल



**हमास।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इधर, हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं।

इन सबके बीच, इस्राइल ने एक बार फिर कहा कि वह हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा के राफा में अपने अभियान के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं, पड़ोसी मिस्र ने उसे कड़ी चेतावनी दी है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि इस्राइल राफ़ में एक जमीनी अभियान के साथ आगे बढ़ रहा है।

हालांकि, इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बताई गई है। एक अधिकारी ने बताया कि इस्राइली रक्षा मंत्रालय ने हमले से पहले राफा से फलस्तीनियों को दूसरी जगह रखने के लिए ४०,००० तंबू खरीदे थे, हर तंबू में १० से 12 लोगों के रहने की क्षमता है। पीएम नेतन्याहू ने बार-बार कहा है कि इस्राइल गाजा की जनसंख्या के आखिरी मुख्य केंद्र राफ़ा पर हमले के लिए आगे बढ़ेगा, जहां इस्राइली सैनिक अब तक नहीं पहुंचे हैं।

सात अक्तूबर को शहरों पर हुए हमले के बाद से इस्राइल ने हमास के खिलाफ युद्ध शुरू किया है। उसका कहना है कि राफ़ा में हमास की चार लड़ाकू बटालियनें मौजूद हैं। हालांकि, इस्राइल को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सिसी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि राफा में किसी भी सैन्य अभियान का विनाशकारी परिणाम होगा।

राफा मिस्र के बॉर्डर से सटा हुआ है। इसने १० लाख से ज्यादा फ्लस्तीनियों को शरण दे रखी है। ये वो लोग हैं, जो करीब छह महीने पहले इस्राइल-हमास के बीच शुरु हुए युद्ध के बाद वहां से भाग गए थे। इस्राइल के सबसे करीबी सहयोगी अमेरिका ने भी उसे राफा पर हमले की योजना को रद्द करने की नसीहत दी है। अमेरिका ने कहा है कि वह अन्य तरीकों से भी वहां पर हमास के लड़ाकों का मुकाबला कर सकता है। इस्राइल ने दक्षिणी गाजा से अपने ज्यादातर जमीनी सैनिकों को वापस बुला लिया, लेकिन हवाई हमले अब भी जारी रखे हैं।

जहां से सैनिक वापस आ चुके हैं, उन इलाकों में भी छापेमारी की जा रही है। इस्राइल के राफा पर हमले को रोकने के लिए युद्धविराम को आगे बढ़ाने की अमेरिका, मिस्र और कतर की कोशिशें अब तक विफल रही हैं। गाजा के अधिकारियों का कहना है कि इस्राइल के सैन्य अभियान में अब तक उनके 34,००० से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों शवों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

## नवजात के भर्ती रहने की आशंका

**नई दिल्ली।** डेंगू से संक्रमित गर्भवती महिलाओं में कमजोर शिशुओं को जन्म देने का जोखिम ज्यादा है। जन्म के बाद शिशुओं को लंबे समय तक अस्पतालों में भर्ती भी रखना पड़ सकता है। यह जोखिम जन्म से तीन वर्ष की आयु तक रहने की आशंका है।

मच्छर जनित रोगों का यह प्रभाव एक चिकित्सा अध्ययन में सामने आया है जिसे बर्मिंघम विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने ब्राजील के मरीजों पर किया है। इस अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने ब्राजील का चयन इसलिए किया क्योंकि यहां मच्छरों से फैलने वाली कई उष्णकटिबंधीय बीमारियां आम हैं।

इनमें मलेरिया, डेंगू, जीका, चिकनगुनिया और पीला बुखार शामिल है। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर मार्टिन फोरेक्स कोर्पेस्टीनर का कहना है कि अस्पताल में भर्ती होने और मातृ संक्रमण के कारण चल र

# कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल सीक्रेट सर्विस एजेंट की सहयोगियों से मुठभेड़



**वाशिंगटन।** अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल एक सीक्रेट सर्विस एजेंट को मुठभेड़ में शामिल होने के बाद तुरंत हटा दिया गया है। एजेंसी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। एजेंट को कमला हैरिस के विवरण से हटा दिया गया है। वॉशिंगटन डीसी के बाहरी इलाके में ज्वाइंट बेस एंड्रयूज के पास सुबह के नौ बजे के आसपास सीक्रेट सर्विस एजेंट का अन्य एजेंट के साथ मुठभेड़ हो गया।

यह मुठभेड़ कमला हैरिस के वहां पहुंचने से पहले हुई। मुठभेड़ में शामिल एजेंट की पहचान फिलहाल अज्ञात है। उन्हें तुरंत उनके कार्यभार से हटा दिया गया है। यूएस सीक्रेट सर्विस के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिएल्मी ने कहा, उप-राष्ट्रपति के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज से प्रस्थान का समर्थन करने वाले अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट का ऐसा प्रदर्शन उनके सहयोगियों को अच्छा नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी सीक्रेट सर्विस हमारी कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को बहुत गंभीरता से लेती है।

इस दौरान मेडिकल कर्मियों को मौके पर बुलाया गया। इसके कारण कमला हैरिस की यात्रा में किसी प्रकार की देरी हीं हुई। गुग्लिएल्मी ने बताया कि यह एक चिकित्सा से जुड़ा मामला है, इसलिए विभाग ने इस पर ज्यादा खुलासा नहीं किया है। हालांकि, कमला हैरिस न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो गई, जहां उन्हें एक साक्षात्कार में शामिल होना था।

विवाद में शामिल एजेंट सशस्त्र था और वह दूसरे एजेंट के साथ आक्रामकता दिखा रहा था। स्थिति को शांत करने के लिए मौके पर मौजूद सुपरवाइजर और एजेंट के इंचार्ज ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।


इसके बाद विवाद में शामिल एजेंट को हथकड़ी पहनाया गया और मेडिकल सुविधा दी गई। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस घटना ने एजेंटों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़ा किया है। गुग्लिएल्मी ने बताया कि कमला हैरिस को इस घटना की जानकारी दी दे गई है।

## बच्चे के दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

**नई दिल्ली।** नाबालिग लड़के का शोषण करने वाले एक युवक को मुंबई की विशेष अदालत ने 2० साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश प्रिया बंकर ने छह अप्रैल को 26 साल के युवक को सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि पीड़ित के दिमाग में अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न का लंबे समय तक घाव रहेगा। भविष्य में भी वह मानसिक रूप से परेशान रहेगा। उसका पूरा जीवन इस घटना के कारण प्रभावित रहेगा।

आठ साल का पीड़ित बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। इस दौरान आरोपी उसके पास आया और खेलने के लिए उसे मंदिर में बुलाया। आरोपी ने लड़के को पैसे भी देने की कोशिश की। बच्चा मंदिर पहुंचा था तो आरोपी ने उसके साथ कुकर्म किया। आरोपी ने पीड़ित को धमकी दी कि अगर किसी को इस बारे में बताया तो उसका अंजाम बहुत खतरनाक होगा।

# गुजरात में दूसरा स्टील ब्रिज लॉन्च, जमीन से 15.5 मी. की ऊंचाई पर बना पुल



**बड़ोदरा।** गुजरात के नडियाद के पास अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए दूसरा १०० मीटर लंबा स्टील ब्रिज लॉन्च किया गया है। 1486 मेट्रिक टन स्टील ब्रिज का निर्माण भुज जिले में स्थित वर्कशॉप में किया गया है।

इस ब्रिज को जमीन से 15.5 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। इस पुल को भारतीय रेलवे लाइन की पावर ब्लॉक और ट्रैफिक की योजना को देखते हुए बनाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि स्टील के प्रत्येक उत्पादन बैच का अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग के जरिए निर्माता के परिसर में परीक्षण किया गया है। कॉरिडोर के लिए, यह 28 में से दूसरा ब्रिज है। पहला स्टील ब्रिज को सूरत के नेशनल हाईवे 53 पर लॉन्च किया गया है। इन स्टील ब्रिज के निर्माण में 7०,००० एमटी निर्दिष्ट स्टील का उपयोग किया गया है। इन स्टील ब्रिज स्पैन की लंबाई 6० मीटर से 13० मीटर तक है।

अधिकारियों ने कहा कि रेलवे लाइनों, एक्सप्रेसवे और हाइवे को पार करने में स्टील के ब्रिज उपयुक्त हैं। भारत के पास १०० से 16० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के लिए स्टील ब्रिज बनाने की विशेषज्ञता है। अब इसी विशेषज्ञता को 32० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली एमएएचएसआरसी पर भी लागू की जा रही है।

अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को 1.०8 लाख करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मुंबई से अहमदाबाद की 5०8 किमी की दूरी महज दो घंटे में पूरा करना है। बुलेट ट्रेन की अधिकतम गति 32० किलोमीटर प्रति घंटा है। इस ट्रेन के लिए करीब 24 नदी पुल, 28 स्टील ब्रिज और सात पहाड़ी सुरंग बनाई जा रही है। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम 2०17 में शुरू किया गया था। केंद्रीय रेलवे मंत्री ने बताया था कि इस प्रोजेक्ट को 2०26 तक पूरा कर लिया जाएगा।

## हमास ने बंधक का वीडियो किया जारी

**इस्राइल।** हमास ने बुधवार को इस्राइली-अमेरिकी बंधक हर्ष गोल्डबर्ग-पोलिन का एक वीडियो जारी किया। गोल्डबर्ग-पोलिन का पिछले साल 7 अक्तूबर को अपहरण कर लिया गया था, जब वह दक्षिण इस्राइल में नोवा संगीत समारोह में थे। पिछले साल अक्तूबर में हमास ने इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें 12०० से ज्याद लोग मारे गए थे और 2०० से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया था।

वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके बाएं हाथ का कुछ हंच हिस्सा गायब है। 7 अक्तूबर को पोस्ट किए गए वीडियो में गोल्डबर्ग-पोलिन को गंभीर रूप से घायल हालत में देखा गया था। हमास के हमले के समय गोल्डबर्ग-पोलिन के साथ रहने वाली एक युवती ने कहा कि कोहनी से नीचे का हिस्सा उड़ने से पहले उन्होंने हथगोले फेंकने में मदद की थी।

# कतर के अमीर शेख से मिले राष्ट्रपति पौडेल




**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने कतर के अमीर शेख तमीम से मुलाकात की। बातचीत के दौरान पौडेल ने गाजा पट्टी में हमास द्वारा अक्टूबर से बंधक बनाए गए एक नेपाली छात्र की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए अमीर शेख से मदद मांगी है। नेपाल के राष्ट्रपति कार्यालय का कहना है कि दोनों नेताओं के बीच मंगलवार को शीतल निवास में मुलाकात हुई।

इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय और राजनयिक संबंधों को लेकर बातचीत हुई। राष्ट्रपति पौडेल ने शेख अमीर से हमास द्वारा बंधक बनाए गए नेपाल के छात्र बिपिन जोशी की सुरक्षित रिहाई में मदद करने का आग्रह किया।

इसके जवाब में शेख अमीर ने पौडेल को आश्वासन दिलाया कि वे नेपाली छात्र की रिहाई के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।बिपिन जोशी उन 17 छात्रों के दल में शामिल हैं, जिन्होंने नेपाल के सुदूर पश्चिम विश्वविद्यालय से कृषि विज्ञान से बैचलर डिग्री ली थी। इसके बाद इन सभी को 11 महीने के कोर्स के लिए इस्राइल भेजा गया था।

दक्षिणी इस्राइल में हमास के हमले के बाद १० नेपाली छात्रों की मौत हो गई थी और छह घायल हो गए थे। एक छात्र बिपिन जोशी का अपहरण कर गाजा ले जाया गया था। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच प्रवासी मजदूरों की स्थिति को लेकर भी बातचीत हुई। बता दें कि इस समय कतर में चार लाख से ज्यादा नेपाली मजदूर काम करे हैं। बुधवार को शेख तमीम ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मुलाकात की। दोनों के बीच आपसी संबंधों को बढ़ाने के लिए आठ प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए गए। बता दें कि अमीर शेख तमीम मंगलवार को दो दिन की नेपाल यात्रा पर आए थे।

# कम शुगर वाले और शाकाहारी खाने पर बाइडन का जोर



**वाशिंगटन।** अमेरिका में बच्चों की थाली को और पोषणयुक्त बनाने के लिए बाइडन प्रशासन ने कई एलान किए हैं। इस क्रम में अब थाली में कम शुगर और ज्यादा शाकाहारी चीजें देखने को मिलेंगी। लाखों छात्रों को मजबूत बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

कृषि मंत्री टॉम विल्सैक ने स्कूल के भोजन के माध्यम से अमेरिका के बच्चों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बड़े कदमों की घोषणा करते हुए कहा हम सभी बच्चों को उनकी क्षमता तक पहुंचने में मदद करने के लक्ष्य को साझा करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षकों, कक्षाओं, पुस्तकों और कंप्यूटरों की तरह, पौष्टिक भोजन स्कूल के वातावरण का एक अनिवार्य हिस्सा है। जब हम स्कूल में भोजन के लिए बार बढ़ाते हैं, तो यह हमारे बच्चों को कक्षा के अंदर और बाहर अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाता है।

कृषि मंत्री ने आगे कहा, इस मील के पत्थर पर विस्तार करने हुए, बाइडन-हैरिस प्रशासन स्कूलों, जिलों, राज्यों और उद्योग के साथ साझेदारी करना जारी रखेगा ताकि स्कूल के भोजन को मजबूत करने के लिए की गई असाधारण प्रगति का निर्माण किया जा सके।श् पहली बार देश भर के स्कूल में भोजन में अतिरिक्त शुगर सीमित की जाएगी। 2०25 तक छोटे बदलाव होंगे और 2०27 तक पूरी तरीके से कार्यान्वयन होगा। शुगर सीमित करने का फैसला माता-पिता और शिक्षकों की चिंता को देखते हुए लिया गया है।

शोध से पता चलता है कि ये अतिरिक्त शुगर आमतौर पर नाश्ते के सामानों में पाई जाती है। चाइल्ड केयर ऑपरेटर भी 2०25 तक अनाज और दही में शुगर को सीमित करना शुरू करेंगी। आदेश में कहा गया है कि स्कूल फ्लेवर्ड और अनफ्लेवर्ड दूध की पेशकश जारी रख सकते हैं, जो बच्चों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है, जैसे कि कैल्शियम, विटामिन डी और पोटेशियम।

## प्रदेश में घर में घुसकर बदमाशों ने की लूट




**हिमाचल प्रदेश।** प्रदेश के बिलासपुर जिले के उपमंडल श्रीनयनादेवी जी के दबट गांव में बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर दो महिलाओं से गहने लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश पंजाब की ओर फरार गए। कोट कहलूर थाना पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में गांव दबट की एक महिला ने बताया है कि बुधवार शाम को गांव की एक अन्य महिला के साथ सड़क किनारे बैठी थी।

इसी बीच एक कार उनके पास आकर रुकी। कार से तीन युवक उतरे। एक लड़ने ने पंजाबी में गुरु का लाहौर को जाने का रास्ता पूछा। रास्ता बताने ही लगी कि उसने बगल से पिस्तौल निकालकर उसके गले पर रख दी। उन में से एक आरोपी ने उसके कानों से सोने की बालियां और दूसरे ने साथ बैठी महिला के कानों से दो सोने के टॉप्स जबरदस्ती उतार लिए। वारदात के समय एक युवती और एक युवक कार में ही बैठे रहे।

वारदात को अंजाम देने के बाद वह सभी गुरु का लाहौर की तरफ भाग गए। डीएसपी श्री नयनादेवी जी विक्रांत बोंसरा ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# केन्या में भारी बारिश और बाढ़ से बिगड़े हालात



**केन्या।** देश में भारी बारिश और बाढ़ की आशंका है। केन्या सरकार ने इसकी चेतावनी जारी कर दी है। केन्या रेडक्रॉस सोसाइटी ने बताया कि केन्या में बाढ़ के कारण अब तक 38 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 11 हजार से अधिक लोगों को विस्थापित किया गया है। एजेंसी ने बताया कि उन्होंने देशभर में 18० लोगों को सुरक्षित बचाया है।

सोसाइटी प्रमुख बेनेट एनडिगिला ने कहा कि बारिश ने केन्याई लोगों के लिए आपदाएं पैदा कर दी हैं। गौरतलब है कि मार्च में बारिश शुरू हुई थी।

लेकिन पिछले कुछ दिनों में बारिश की तीव्रता बढ़ गई है। पिछले सप्ताह देश के कई हिस्सों में १०० मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई, जिससे छह लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशिया के चुनाव आयोग ने बुधवार को औपचारिक रूप से प्रबोवो सुबियांतो को निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित कर दिया।

इससे पहले, चुनावों में सुबियांतो की शानदार जीत को चुनौती देते हुए हारे हुए प्रत्याशियों ने देश के उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। इंडोनेशिया के मौजूदा रक्षा मंत्री सुबियांतो ने 58.6 प्रतिशत मत या 9.6 करोड़ से अधिक मतपत्रों के साथ चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी, जो अन्य दोनों उम्मीदवारों में से किसी एक को प्राप्त मत की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं।

लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वियों का आरोप है कि यह बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और सरकार के हस्तक्षेप के कारण संभव हुआ। बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास एक व्यापारिक जहाज के पास बुधवार को विस्फोट होने की खबर है। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर जाने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए महत्वपूर्ण इस जलमार्ग पर हूती विद्रोहियों के नए हमले की संभावना जताई जा रही है।

हूती विद्रोहियों ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह विस्फोट अदन की खाड़ी में जिबूती से लगभग 13० किमी दक्षिण पूर्व में हुआ है। यूकेएमटीओ ने कहा, एक व्यापारिक जहाज के मालिक ने जहाज से कुछ दूरी पर पानी में विस्फोट की सूचना दी है। चालक दल के सुरक्षित होने की सूचना है। निजी समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे ने भी हमले की जानकारी दी है। अमेरिकी समुद्री प्रशासन के अनुसार, नवंबर 2०23 से लेकर अब तक हूतियों की ओर से 5० से अधिक हमले किए जा चुके हैं।

# प्रतिनिधि सभा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा ताइवान



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि सभा के सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल ताइवान के दौरे पर हैं। चीन के बढ़ते दबाव के बीच ताइवान के लिए प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने का वादा किया।

गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने यूक्रेन, इस्राइल और ताइवान को सहायता प्रदान करने के लिए 95 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पैकेज को पारित किया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिनिधि सभा के सशस्त्र सेवा समिति की सदस्य लिसा मैकक्लेन ने राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन से कहा कि हम अमेरिका और ताइवान के बीच मजबूत संबंधों के महत्व को और अधिक समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताइवान को रोजाना चीन के खतरों का सामना करना पड़ता है फिर चाहे वह सैन्य कार्रवाई हो या फिर आकाश या जल क्षेत्र में सेना का हस्तक्षेप हो।

चीन अपने आक्रामक युद्धाभ्यास और आर्थिक दबाव से भी ताइवान को आए दिन परेशान करता है। मैकक्लेन ने स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए ताइवान के लोगों की सराहना की।

# परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो



**मास्को।** रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया है।

बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि श्जैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है।

हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस प्रस्ताव के खिलाफवीटो क्यों किया।श् सुलिवन ने कहा कि श्अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है।

प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि श्पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार से मुंह मोड़ा है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941